**सुविचार**
जो गुणज्ञ न हो उसके सामने गुण नष्ट हो जाता है और कृतघ्न के साथ की गई उदारता नष्ट हो जाती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi




केनेडी के लिए क्यों परफेक्ट थीं सनी 08


Ranchi ● Monday, 29 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 132 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com  E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,501.69 |
| निफ्टी | : | 18,499.35 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,710 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### झारखंड में बदलते मौसम ने कराया गर्मी का एहसास

**RANCHI :** राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने से एक बार फिर गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। अब तक आसमान में बादल छाए हुए थे। इसके छंटने से गर्मी फिर तेज हो गई। रविवार सुबह से ही धूप छांव के बीच तीखी धूप ने गर्मी का एहसास करना शुरू कर दिया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 30 और 31 मई को हल्के बादल छा सकते हैं लेकिन एक जून से गर्मी बढ़ेगी। तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य में अगले चार दिनों के दौरान भीषण गर्मी से लोगों को दो चार होना पड़ेगा। बारिश के आंकड़े बताते हैं कि बोकारो थर्मल में 52.4 मिमी बारिश हुई। हवा की रफ्तार 64.7 किमी प्रति घंटा रही। अन्य शहरों में बारिश की स्थिति की बात करें धनबाद में 38.4, जामताड़ा में 27.4, चंद्रपुरा में 22, हजारीबाग में 21.5, रांची के मांडर में 20.4 और गुमला में 10 मिलीमीटर बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिला सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सबसे कम पाकुड़ का 33.8 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।

### हज यात्रियों का जत्था आज और कल रांची से कोलकाता होगा रवाना

**RANCHI :** राजधानी से हज यात्रियों का जत्था 29 व 30 मई को हटिया-कोलकाता क्रिया योग ट्रेन से कोलकाता रवाना होगा। वहां पहुंच कर यात्री सीधे हज हाउस जायेंगे, जहां उनके ठहरने का इंतजाम किया गया है। यात्रियों को राज्य हज कमेटी के कार्यालय में रिपोटिंग करनी है। यहां कागजी प्रक्रिया कर उन्हें टिकट दिया जायेगा। रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के तीन सदस्य भी हज पर जा रहे हैं। इनमें मंजूर हबीबी, गुलाम खाजा व मुजीबुल हक हैं। एक जून से हज यात्रियों का जत्था कोलकाता से मदीना के लिए उड़ान भरेगा। इस दिन हज यात्रियों का तीन जत्था रवाना होगा। पहला जत्था दिन के 10 बजे, दूसरा जत्था शाम पांच बजे व तीसरा जत्था रात 11 बजे रवाना होगा। इस जत्थे में रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर सहित अन्य जिलों के हज यात्री शामिल हैं।

### पुलिस और धरना दे रहे पहलवानों के बीच झड़प

**NEW DELHI :** संसद की नई बिल्डिंग के सामने पुलिस और धरना दे रहे पहलवानों के बीच झड़प हो गई। पहलवान बैरिकेड्स लांघकर नई संसद की तरफ जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका और बजरंग पूनिया, विनेश-संगीता फोगाट, साक्षी मलिक सहित अन्य को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने धरना स्थल जंतर-मंतर पर लगे टेंट, कुर्सियां और दूसरा सामान हटाकर शाम 4 बजे उसे पूरी तरह खाली कर दिया। इसके बाद शाम 7.15 बजे कुछ पहलवानों को छोड़ दिया गया। विनेश फोगाट ने कहा कि मुझे, संगीता फोगाट और साक्षी मलिक को रिलीज कर दिया गया है। बजरंग पूनिया अभी भी पुलिस की हिरासत में हैं। हमने पुलिस को कहा कि बिना किसी लीगल प्रोसीजर के हमें अंदर नहीं रख सकते तो वे बोले कि हमें कानून मत सिखाओ।

# CSK V/S GUJRAT : बारिश में धुला रोमांच, टॉस तक नहीं देख पाए क्रिकेटप्रेमी, IPL का फाइनल मैच टला, आज होगा महामुकाबला



**AGENCY AHMEDABAD :** गुजरात और चेन्नई के बीच होने वाला इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन का फाइनल मुकाबला तेज बारिश होने के कारण नहीं खेला जा सका। रविवार को अहमदाबाद में शाम से ही शुरू हुई बारिश लगातार होती रही। इस कारण मैच रिजर्व डे पर शिफ्ट किया गया। अब आज रात 7:30 बजे से मैच खेला जाएगा, लेकिन आज भी अहमदाबाद में तेज बारिश की आशंका है। अगर बारिश के कारण मैच रद्द हुआ तो ट्रॉफी किसे मिलेगी इस पर कुछ भी नहीं कहा गया। आईसीसी टूर्नामेंट में फाइनल रद्द होने पर ट्रॉफी शेयर की जाती है, लेकिन आईपीएल को लेकर अभी इस तरह की कोई इन्फॉर्मेशन सामने नहीं आई। अगर प्लेऑफ का अन्य कोई मुकाबला रद्द होता है तो पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली टीम को विजेता माना जाता है, लेकिन फाइनल के लिए ऐसा कुछ नहीं कहा गया। संभव है कि फाइनल रद्द होने पर आईपीएल में भी ट्रॉफी शेयर ही की जा जाएगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पॉइंट्स टेबल में टॉप करने वाली गुजरात को चैंपियन घोषित कर दिया जाएगा।

**गुजरात पर टाइटल डिफेंड करने का दबाव**

पिछले आईपीएल सीजन में लखनऊ और गुजरात की 2 नई टीमें जोड़ी गईं। दोनों ही प्लेऑफ में पहुंचीं, लेकिन गुजरात ने टाइटल जीतकर सभी को चौंका दिया। इस बार भी टीम लगभग उन्हीं खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट में उतरी। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात पर टाइटल डिफेंड करने का दबाव होगा। टीम इस सीजन में अब तक (लीग स्टेज और प्लेऑफ) कुल 16 मैच खेली है, जिसमें उसे 11 में जीत मिली है और पांच में हार मिली है। चेन्नई के खिलाफ टीम के 4 विदेशी खिलाड़ी डेविड मिलर, राशिद खान, नूर अहमद और जोशुआ लिटिल हो सकते हैं। इनके अलावा मोहम्मद शमी, शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं।

तीन शतक और 851 रन बना चुके गिल के बल्ले पर अंकुश लगाना धोनी की सीएसके के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी। मोहम्मद शमी (28 विकेट), राशिद खान (27 विकेट) और मोहित शर्मा (24 विकेट) ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। वहीं बल्लेबाजी में गिल के अलावा पंड्या ने 325 रन बनाए हैं।

**चेन्नई 4 बार की चैंपियन**

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स टूर्नामेंट की सबसे सफल टीमों में से एक है। टीम ने टूर्नामेंट में मुंबई (पांच टाइटल) के बाद सबसे ज्यादा चार खिताब जीते हैं। 14 में से 12 सीजन में टीम प्लेऑफ में पहुंची और 10वीं बार फाइनल खेल रही है। चेन्नई को इस सीजन में अब तक खेले गए 15 मैचों (लीग स्टेज और प्लेऑफ) में से नौ में जीत और पांच में हार मिली है। वहीं एक मैच बारिश के कारण रद्द रहा। टीम के 4 विदेशी प्लेयर्स डेवोन कॉन्वे, मोईन अली, महीश तीक्षणा और मथीश पथिराना हो सकते हैं। चेन्नई के लिए इस सीजन में कॉन्वे 625 रन, ऋतुराज गायकवाड 564 रन और अजिंक्य रहाणे 13 मैचों में 299 रन बना चुके हैं जबकि शिवम दुबे ने 386 रन बनाए हैं। इस आईपीएल में दुबे 33 छक्के लगा चुके हैं। गेंदबाजी में पथिराना ने 17 और देशपांडे ने 21 विकेट लिए हैं।

आपकों बता दें कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच से बल्लेबाजों को काफी मदद मिलती है। यहां चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम से बिल्कुल उलट माहौल होगा। तेज गेंदबाजों के लिए पेस और बाउंस होगा तो आउटफील्ड भी तेज होगी। स्पिन गेंदबाजों को इस पिच पर काफी परेशानी होती है।

### आज भी बारिश हुई तो क्या होगा?

- रात 9:35 बजे तक भी अगर मैच शुरू हुआ तो पूरे 20 ओवर का खेल होगा।
- 9:35 बजे के बाद मैच शुरू होने पर ओवर्स कम किए जाएंगे।
- 9:45 बजे मैच शुरू होने पर 19 ओवर, 10 बजे 17 ओवर और 10:30 बजे शुरू होने 15-15 ओवर का खेल होगा।
- रात 12:06 बजे तक कट-ऑफ टाइम रहेगा, अगर तब तक भी 5-5 ओवर का खेल शुरू नहीं हुआ तो मैच रद्द करार दिया जाएगा।

### फाइनल में दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**गुजरात टाइटंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, राशिद खान, नूर अहमद, मोहम्मद शमी, मोहित शर्मा और जोशुआ लिटिल।
**इम्पैक्ट प्लेयर :** साई सुदर्शन, श्रीकर भरत, ओडियन स्मिथ, आर साई किशोर और शिवम मावी।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कॉन्वे, ऋतुराज गायकवाड, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, मोईन अली, रवींद्र जडेजा, दीपक चाहर, महीश तीक्षणा, मथीश पथिराना और तुषार देशपांडे।
**इम्पैक्ट प्लेयर :** अंबाती रायडु, मिचेल सैंटनर, एस सेनापति, शेख रशीद और आकाश सिंह।


# संसद का नया भवन राष्ट्र को समर्पित

## PM MODI ने कहा- हमारा लोकतंत्र हमारी प्रेरणा और हमारा संविधान हमारा संकल्प

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नव्य-भव्य संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। इससे पूर्व उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नए संसद भवन में सेंगोल को स्थापित किया। इसके बाद उन्होंने भवन निर्माण में योगदान देने वाले श्रमजीवियों का सम्मान किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा लोकतंत्र हमारी प्रेरणा और हमारा संविधान हमारा संकल्प है। संसद इस प्रेरणा और संकल्प की श्रेष्ठ प्रतिनिधि है। नई संसद में लिया गया हर निर्णय समाज के सभी वर्गों के भाग्य का फैसला करेगा और यहां बने कानूनों से गरीबी दूर करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री सुबह-सुबह रायसीना हिल्स स्थित संसद भवन पहुंचे और सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। नए संसद भवन में पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेंगोल की स्थापना के पश्चात विधिवित पट्टिका अनावरण करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। दोपहर में नए भवन के लोकसभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कोलकाता टकसाल में तैयार 75 रुपये का सिक्का और डाक विभाग की ओर से जारी विशेष डाक टिकट जारी किया।



नए संसद भवन का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी



नए भवन के उद्घाटन के बाद लोकसभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग ● एजेंसी

### नयी संसद आत्मनिर्भर भारत के उदय की साक्षी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नई संसद आत्मनिर्भर भारत के उदय की साक्षी बनेगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक इमारत नहीं है बल्कि 140 करोड़ जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक है। यह भारत के दृढ़ संकल्प के बारे में दुनिया को संदेश देती है। हर देश की विकास यात्रा में कुछ पल अमर होते हैं और 28 मई 2023 एक ऐसा ही दिन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भवन नूतन और पुरातन के सह-अस्तित्व का भी आदर्श उदाहरण है। नया संसद भवन हमारे विश्वास को नई बुलंदी देने वाला है। ये विकसित भारत के निर्माण में हम सभी के लिए नई प्रेरणा बनेगा। ये संसद भवन हर भारतीय के कर्तव्य भाव को जागृत करेगा। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा। आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा। विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि होते हुए देखेगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास अमृतकाल खंड के 25 साल हैं। हमें मिलकर इस अवधि में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

### मोदी-मोदी, भारत माता, जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारे से गूंज उठा संसद का नया भवन

नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद लोकसभा में आयोजित समारोह में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवेश करने से पहले ही पूरा कक्ष तालियों की गड़गड़ाहट के साथ ही मोदी-मोदी, भारत माता, जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठा। प्रवेश द्वार से पीएम मोदी के आगमन से लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ मंच पर उनके पहुंचने तथा समारोह की औपचारिक शुरूआत होने तक तालियों की गड़गड़ाहट जारी रही। कक्ष के अंदर दो बड़े स्क्रीन थे, जिन पर मोदी के आगमन का सीधा प्रसारण हो रहा था। प्रधानमंत्री ने जैसे ही कक्ष में कदम रखा तो इस दौरान कुछ सदस्यों ने शिवाजी महाराज की जय के नारे भी लगाए। मंच की ओर बढ़ते समय नरेंद्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा सहित कई गणमान्य लोगों का अभिवादन किया।

### पीएम संसद भवन के उद्घाटन को समझ रहे हैं राज्याभिषेक : राहुल



संसद के नये भवन के उद्घाटन को लेकर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने ट्विटर वॉल पर लिखा कि संसद लोगों की आवाज है! प्रधानमंत्री संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं। इधर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद के नये भवन का उद्घाटन किये जाने के बाद रविवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ऐसे आत्ममुग्ध तानाशाह प्रधानमंत्री ने यह उद्घाटन किया है, जिन्हें संसदीय परंपराओं से नफरत है।

## मणिपुर में माहौल बिगाड़ने वालों के लिए काल बने सुरक्षाबल

# AK-47, M-16 और SNIPER चलाने वाले 40 आतंकी ढेर



फाइल फोटो

**AGENCY IMPHAL :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि घरों में आगजनी और नागरिकों पर एके-47, एम-16 और स्नाइपर राइफल से नागरिकों पर गोलीबारी करने में शामिल लगभग 40 सशस्त्र उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। मणिपुर में रविवार को आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों के बीच ताजा झड़प के बीच सीएम की यह टिप्पणी आई है। राज्य सचिवालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि हालिया दौर की झड़प प्रतिद्वंद्वी समुदायों के बीच नहीं बल्कि कुकी उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई है। बीरेन सिंह ने यह भी कहा कि सशस्त्र उग्रवादियों की ओर से एके-47, एम-16 और स्नाइपर राइफल से नागरिकों पर गोलीबारी करने के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में इन उग्रवादियों को निशाना बनाया। मुख्यमंत्री ने लोगों से सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही में बाधा नहीं डालने की अपील की और उनसे सरकार में विश्वास रखने और सुरक्षा बलों का समर्थन करने का आग्रह किया। एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि पश्चिम इंफाल के उरीपोक में बीजेपी के विधायक ख्वाइरकपम रघुमणि सिंह के घर में तोड़फोड़ की गई और उनके दो वाहनों में आग लगा दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि इंफाल घाटी के आसपास के विभिन्न जिलों में सुबह तड़के कई जगहों पर झड़पें हुईं। अधिकारी ने कहा, 'हमारी जानकारी के मुताबिक, काकचिंग में सुगनू, चुड़ाचांदपुर में कांगवी, इंफाल पश्चिम में कांगचुप, इंफाल पूर्व में सगोलमंग, बिशेनपुर में नुंगोईपोकपी, इंफाल पश्चिम में खुरखुल और कांगपोकपी में वाईकेपीआई से गोलीबारी की सूचना मिली है।'

### राज्य को बिखरने नहीं देंगे : सीएम

मणिपुर सीएम बीरेन सिंह ने कहा, 'हमने इतने लंबे समय तक कठिनाइयों का अनुभव किया है और हम राज्य को कभी भी बिखरने नहीं देंगे।' उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की हत्याओं और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और घरों में आगजनी में शामिल कई कुकी उग्रवादियों को जाट रेजीमेंट ने पकड़ लिया है। अधिकारियों ने बताया कि ताजा संघर्ष रविवार तड़के तब शुरू हुआ जब सेना ने शांति कायम करने के लिए समुदायों को हथियारों से मुक्त करने को लेकर तलाशी अभियान शुरू किया।

# डायन-बिसाही बताकर देवर ने भाभी को कुल्हाड़ी से काट डाला

## पुलिस ने आरोपी को किया ARREST

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र की सिमडा पंचायत अन्तर्गत डुमरी टोला गांव में मरांग कुडी टुडू (38 वर्षीय) की कुल्हाड़ी से मारकर उसके देवर ने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी देवर को अरेस्ट कर लिया है। मृतका के पति लखन हांसदा ने बताया कि मरांग कुडी टुडू अपने घर में रोजाना के कार्यों में व्यस्त थी। उसके पिता मरांग हांसदा की मृत्यु किसी बीमारी के कारण हो गई है। इसे लेकर अंधविश्वास में उसके छोटे भाई बाबू हांसदा ने अपनी भाभी को कुल्हाड़ी से वार करते हुए यह कह कर मार डाला कि वह डायन-बिसाही जानती है। उसने दौड़ा-दौड़ा कर कुल्हाड़ी से वार कर भाभी की हत्या कर दी। मृतका के पति ने बताया कि लिवर की बीमारी के कारण उसके पिता मरांग हांसदा की मौत हो गयी थी, लेकिन उसके छोटे भाई ने उसकी पत्नी को डायन बता दिया और झगड़ा करने लगा। कहा कि तुम ही डायन हो। इतना कहते ही उसने अपनी भाभी को कुल्हाड़ी से वार कर मार डाला। घटना की सूचना पाकर मिजाचौकी थाना प्रभारी प्रकाश रंजन घटना स्थल पर पहुंचे और रात्रि में बाबू हांसदा को डुमरी गांव से गिरफ्तार कर लिया।

# नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराए जाने के खिलाफ CONGRESS का धरना

## देश का लोकतंत्र खतरे में, इसे बचाना कांग्रेस का दायित्व : राजेश ठाकुर

**PHOTON NEWS RANCHI**

देश के नये संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाए जाने का कांग्रेस ने दमदार विरोध किया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रविवार को रांची में विरोध स्वरूप बिरसा चौक पर धरना दिया।

धरना में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल नेता एवं मंत्री आलमगीर आलम, राजीव रंजन प्रसाद, रवींद्र सिंह, राकेश सिन्हा, राकेश किरण, अमूल्य नीरज खलखो, चंद्रकांत शुक्ला, शमशेर आलम, कुमार राजा सहित कई नेता उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के संवैधानिक प्रमुख, सेना प्रमुख और संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने वाली राष्ट्रपति को नहीं बुलाना, उनसे उद्घाटन नहीं कराना, पूरी तरह से तानाशाही रवैया है। यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही घातक है। उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक संस्थानों को खत्म करने की साजिश है, जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। विपक्ष के बार-बार आग्रह, मांग और निवेदन के बाद भी भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी एक नहीं सुनी। आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। इसे बचाना कांग्रेस का दायित्व है।




धरने पर बैठे कांग्रेसी। ● द फोटोन न्यूज

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की आपत्ति यह नहीं है कि देश के प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन कर रहे हैं। आपत्ति यह है कि आप चार्टर्ड प्लेन से पंडित और पुजारी मंगवा रहे हैं लेकिन दिल्ली में बैठी देश के संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति को उद्घाटन समारोह में नहीं बुला रहे हैं। यह कैसी जिद और कैसी नयी परंपरा की शुरूआत है। देश की जनता राष्ट्रपति के इस अपमान को कभी भूल नहीं पायेगी।

## आदिवासी नेता बिगा मिंज ने जदयू में की वापसी

**PHOTON NEWS RANCHI**

जदयू के प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में आदिवासी नेता बिगा मिंज जदयू में शामिल हए। उन्हें जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने दल की सदस्यता ग्रहण कराई। उनके साथ उनके कई समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ली।

बिगा मिंज के जदयू में शामिल होने पर जदयू नेता श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, उपेन्द्र सिंह, आशा शर्मा, संजय सिंह, रामजी प्रसाद एवं अन्य ने उन्हें माला पहनाकर दल में उनका स्वागत किया। मिंज के जदयू की सदस्यता ग्रहण करने पर खीरू महतो ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिगा मिंज पूर्व में भी मेरे साथ काम कर चुके हैं। पार्टी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं।



बिगा मिंज का जदयू में स्वागत करते कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

इनके आने से आदिवासी समुदाय के लोगों का रुझान पार्टी की ओर बढ़ेगा और पार्टी का संगठन इनके सहयोग से रांची जिला में धारदार होगा।

जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद बिगा मिंज ने कहा कि उन्होंने घर वापसी की है। खीरू महतो और पार्टी उनसे जो अपेक्षा करती है, वह उसपर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही बेड़ों प्रखण्ड में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ों लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे। इटकी, बेड़ों, मांडर, चान्हो और लापुंग में जदयू को मजबूत करेंगे।

मिंज के साथ प्रमुख रूप से राम महली, दशरथ साहू, जुलफम अंसारी, बिगा उरांव, तफज्जुल मंसूरी, सिद्दीक अंसारी, गुप्तेश्वर साहू सहित अन्य ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

# ट्रेड यूनियनों का राज्य स्तरीय कन्वेंशन सम्पन्न, देश की स्थिति काफी चिंताजनक एवं गंभीर : सीटू

**PHOTON NEWS RANCHI**

केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ तथा जनपक्षीय वैकल्पिक नीतियों के लिए सीटू , एटक, इंटक, एचएमएस, एक्टू, एआईयुटीयूसी, टीयूसीसी, यूटीयूसी समेत विभिन्न श्रमिक संगठनों का संयुक्त राज्य स्तरीय कन्वेंशन सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में रविवार को संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पीके गांगुली, मिथिलेश सिंह, लीलाधर सिंह ने संयुक्त रूप से की जबकि संचालन अशोक यादव ने किया। कन्वेंशन का उद्घाटन शुभेन्दु सेन ने किया जबकि कन्वेंशन का घोषणा पत्र सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देव ने पेश किया। वक्ताओं ने कहा कि आज जनता के साथ देश की स्थिति काफी चिंताजनक एवं गंभीर है, जिसके लिए केन्द्र की भाजपा नीत मोदी सरकार की नीतियां जिम्मेदार है, जो न केवल मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी है, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। ये नीतियां न केवल हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। देश में बेरोजगारी प्रचंड रूप ले चुकी है।




राज्य स्तरीय कन्वेंशन को संबोधित करते वक्ता। ● द फोटोन न्यूज

वक्ताओं ने कहा कि स्थायी नौकरी की जगह अनुबंध, ठेका और आउटसोर्सिंग लाया जा रहा है, जहां मजदूरों का शोषण जारी है। नौकरी की सुरक्षा नहीं है। महंगाई से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। मौजूदा श्रम कानूनों को कमजोर कर कॉरपोरेट परस्त मालिक पक्षीय चार लेबर कोड लाया गया है। केंद्र सरकार बड़ी तेजी से देश की राष्ट्रीय संपत्ति, सार्वजनिक उपक्रमों, वित्तीय संस्थानों का निजीकरण कर रही है। राष्ट्रीय मौद्रिक पाइपलाइन के माध्यम से राष्ट्रीय सम्पत्तियों को कॉरपोरेट घरानों को औने-पौने दामों में बेचा जा रहा है।

कन्वेंशन में कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर उनकी मांगों के समर्थन में भारत छोड़ो दिवस पर नौ अगस्त को धनबाद और 10 अगस्त को रांची में मजदूर कर्मचारियों का महापड़ाव का आयोजन किया जाएगा। इसमें राज्यभर से हजारों मजदूर शामिल होंगे। इसके लिए जून महीने में बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, रामगढ़, कोडरमा, दुमका एवं डालटेनगंज में क्षेत्रीय कन्वेंशन का आयोजन करने और जुलाई माह में पदयात्रा, जीप जत्थे, बाइक रैली, नुक्कड़ सभा के माध्यम से प्रचार प्रसार और जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार के समापन वक्तव्य के साथ कन्वेंशन समाप्त हुआ।

कन्वेंशन को एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार, सीटू के राष्ट्रीय सचिव डीडी रामानंद, राज्य उपाध्यक्ष प्रकाश विप्लव, विद्यासागर गिरी, महेश कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, बैजनाथ मिस्त्री, सोनिया देवी, भवन सिहं, आर पी सिंह, संजय पासवान, अनिर्बान बोस, गिरीश चौहान, भूनेश्वर केवट, रामश्रय सिंह समेत विभिन्न ट्रेड यूनियन नेताओं ने सम्बोधित किया।

## राज्य के सभी जिलों में 13 जून को विरोध प्रदर्शन करेंगे वामदल




बैठक में शामिल वामदलों के प्रतिनिधि। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH**

यहां के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने रविवार को सीपीआई कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जल जंगल जमीन और भ्रष्टाचार के खिलाफ 13 जून को सीपीआई सहयोगी पार्टियों के साथ हजारीबाग जिला मुख्यालय सहित राज्य के सभी 24 जिलों में जिला कलेक्ट्रेट में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

मेहता ने कहा कि हजारीबाग ही नहीं पूरे झारखंड में सरकारी और बेशकीमती जमीन की लूट कर्मचारी से लेकर राजस्व विभाग के बड़े वरीय पदाधिकारी करा रहे हैं। हजारीबाग जिले के सदर कटकमसांडी कटकमदाग और बड़कागांव प्रखंड में जोरदार तरीके से जमीन की लूट की जा रही है, जिसमें अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी से लेकर सीआई और सीओ तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन तमाम मुद्दों को लेकर वाम दल के सीपीआई, सीपीएम, माले मासस, एनएसयूआई सहित अन्य वाम दल की सहयोगी पार्टियां राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन करेंगी।

प्रेस वार्ता में जिला सचिव चांद खान, प्रखंड सचिव डाड़ी निमन यादव, निजाम अंसारी, महेंद्र राम, स्वदेशी पासवान, अनवर हुसैन, शब्बीर अहमद, मथुरा महतो, नरेश प्रजापति, कोलेश्वर भुइयां, इम्तियाज खान, तौकीर अहमद, अनिरुद्ध प्रसाद, लखेंद्र ठाकुर, समीम खान, अली हसन मौजूद थे।

# असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को आज वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी

**AGENCY ASSAM**

असम और पूर्वोत्तर के लोगों के लिए सोमवार (29 मई) का दिन ऐतिहासिक रूप में दर्ज होने जा रहा है। असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर गुवाहाटी से रवाना करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री असम के लमडिंग में एक नवनिर्मित डेमू व मेमू शेड का उद्घाटन और 182 किमी के नए विद्युतीकृत सेक्शनों का लोकार्पण भी करेंगे।

पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के सीपीआरओ सब्यसाची डे ने रविवार को बताया है कि असम में अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस के आने से पूर्वोत्तर, विशेषकर असम के लोग सेमी हाई स्पीड ट्रेन में आरामदायक रेल यात्रा का अनुभव ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन असम के कामरूप (मेट्रो), कामरूप (ग्रामीण), नलबाड़ी, बरपेटा, चिरांग, कोकराझार जिले और उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, न्यू कोचबिहार और जलपाईगुड़ी जिले से होकर गुजरेगी। इससे न्यू जलपाईगुड़ी- गुवाहाटी सेक्शन में सबसे तेज ट्रेन से यात्रा के समय में लगभग एक घंटे की कमी आएगी। इससे क्षेत्र के व्यापार, पर्यटन और



यात्रा जैसे क्षेत्रों को अत्यधिक लाभ होगा।

ट्रेन संख्या 02228 (गुवाहाटी- न्यू जलपाईगुड़ी) वंदे भारत एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा 29 मई को 12.00 बजे गुवाहाटी से रवाना होकर 18.00 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। अपने उद्घाटन यात्रा के दौरान, ट्रेन कामाख्या, रंगिया जंक्शन, नलबाड़ी, बिजनी, न्यू बंगाईगांव, कोकराझार, फकीराग्राम जंक्शन, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कोचबिहार और धूपगुड़ी में ठहरेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन सं. 22228/22227 (गुवाहाटी- न्यू जलपाईगुड़ी- गुवाहाटी) वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा 31 मई से शुरू होगी। ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस न्यू जलपाईगुड़ी से 06.10 बजे प्रस्थान कर गुवाहाटी 11:40 बजे पहुंचेगी। वापसी में, गुवाहाटी से 16.30 बजे प्रस्थान कर न्यू जलपाईगुड़ी 22.00 बजे पहुंचेगी। दोनों तरफ की यात्रा के दौरान ट्रेन कामाख्या, न्यू बंगाईगांव, कोकराझार, न्यू अलीपुरद्वार और न्यू कोचबिहार स्टेशनों पर रुकेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस 5 घंटे 30 मिनट में 411 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसके आठ कोचों में 530 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।

डे ने बताया कि प्रधानमंत्री 91.03 किमी लंबे न्यू बंगाईगांवझ दुधनई- मेंदीपाथर और 91 किमी लंबे गुवाहाटी-चापरमुख नवविद्युतीकृत सेक्शन का लोकार्पण करेंगे। इससे प्रदूषण मुक्त परिवहन, ट्रेनों की उच्च गति, ट्रेनों के परिचालन में कम समय और लागत में कमी आएगी। प्रधानमंत्री नवनिर्मित लमडिंग के एक नए डेमू व मेमू शेड का भी उद्घाटन करेंगे।

## प्रधानमंत्री Narendra Modi ने रविवार को देशवासियों से किया आग्रह, कहा

# संग्रहालयों की करें सैर, सोशल मीडिया पर फोटो करें शेयर

**AGENCY NEW DELHI**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से आग्रह किया कि वह देशभर में मौजूद संग्रहालयों का भ्रमण करें और इनके माध्यम से अपनी विरासत से जुड़ें। वे अपनी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा करें ताकि अन्य लोगों को भी इनके बारे में पता चले।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम में मन की बात के 101वें एपिसोड में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से प्रेरित युवा संगम, देश के संग्रहालय, जल संरक्षण से जुड़े स्टार्टअप पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में उन्होंने हिरोशिमा (जापान) स्थित संग्रहालय का दौरा किया। उससे उन्हें बहुत प्रेरणा मिली और जानकारी बढ़ी। हमारे देश में अलग-अलग विषयों पर आधारित बड़ी संख्या में संग्रहालय हैं। इनकी एक पहली बार एक सूची तैयार की गई है। देशवासियों से आग्रह करते हैं कि इन संग्रहालयों को देखने जाएं। इसके बाद हैशटेग म्यूजियम मेमोरी के जरिए इन्हें सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे हम अपनी विरासत से जुड़ाव को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीते बर्षों में नए म्यूजियम और मेमोरियल भी बनाए जा रहे हैं।



इस दौरान उन्होंने 2010 में स्थापित एक ऑनलाइन म्यूजियम इंडियन मेमोरी प्रोजेक्ट का उल्लेख किया है। इसमें दुनियाभर से भेजी गई तस्वीरें और कहानियों के माध्यम से भारत की गौरवशाली इतिहास की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है। इसमें विभाजन की विभीषिका से जुड़ी स्मृतियों को भी सामने लाने का प्रयास किया गया है।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने इस बार शिक्षा मंत्रालय की ओर से की गई एक पहल युवा संगम, उसके उद्देश्य और उसके माध्यम से देशवासियों को आपस में जोड़ने के प्रयास का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि युवा संगम के प्रथम चरण के तहत 1200 युवाओं को देश के 22 राज्यों का दौरा कराया गया है। इससे युवा जीवन पर्यंत चलने वाली यादें समेट कर वापस लौटें हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने युवा संगम में भाग लेने वाले अरुणाचल प्रदेश के युवा ग्यामार न्योकुम और बिहार की युवती विशाखा सिंह से बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने देशभर में जल संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों को भी कार्यक्रम में शामिल किया। इसमें फ्लक्सजेन और लीवएनसेंस के बारे में बताया। यह पानी के उपयोग के तरीकों और वितरण निगरानी से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने जलकुंभी से कागज बनाने के काम, छत्तीसगढ़ में बालोद जिले के युवाओं के घर घर जाकर जल संरक्षण के लिए जागरूक करने के अभियान और खूंटी में पानी के संकट से निपटने के लिए बोरी बांध का रास्ता निकालने के जन प्रयासों का भी जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के शिवाजी शामराव डोले का विशेष उल्लेख किया। यह सैनिक किसान बनकर अब इस क्षेत्र में अनुसंधान और विज्ञान को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और अनुसंधान का एक अनूठा उदाहरण है।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को याद किया और कहा कि उनके व्यक्तित्व में दृढ़ता और विशालता थी। उन्होंने 4 जून को संत कबीर की जयंती पर उन्हें याद किया और कहा कि उन्होंने समाज को बांटने वाली कुप्रथाओं का विरोध किया था। साथ ही उन्होंने तेलुगू फिल्म अभिनेता एवं राजनेता एनटी रामाराव की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## BRIEF NEWS

### रघुवर दास ने प्रधानमंत्री को दी बधाई

**RANCHI :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने रविवार को भव्य और आकर्षक लोकतंत्र का मंदिर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और वास्तुकला से सुसज्जित देश को इतना भव्य और आकर्षक लोकतंत्र के मंदिर देने के लिए आने वाली पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रचनात्मक और दृढ़ निश्चय स्वभाव पर गर्व करेगी। उन्होंने कहा कि किसी सरकार और आम व्यक्तित्व से इतने कम समय में इतना भव्य और दिव्य ऐतिहासिक निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर की जयंती पर देश को यह भेंट मिल रही है। एक देशभक्त को यह सच्ची श्रद्धांजलि है।

### तीन दिवसीय दौरे पर सिंगापुर जाएंगे शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान

**NEW DELHI :** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान मौजूदा संबंधों को मजबूत करने तथा शिक्षा और कौशल विकास में द्विपक्षीय जुड़ाव के दायरे को व्यापक बनाने की संभावना तलाशने के लिए आज सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। यात्रा के दौरान धर्मेन्द्र प्रधान सिंगापुर सरकार के विभिन्न प्रमुख मंत्रियों से मिलेंगे जिनमें सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री थरमन शनमुगरत्नम, विदेश मंत्री डॉ. विवियन बालकृष्णन, व्यापार और उद्योग मंत्री गण किम योंग और शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग शामिल हैं। प्रधान सिंगापुर स्पेक्ट्रा सेकेंडरी स्कूल, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड एजुकेशनल सर्विसेज, सिंगापुर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का भी दौरा करेंगे। वह स्किल फ्यूचर सिंगापुर (एसएसजी) के साथ भी बातचीत करेंगे, जो सिंगापुर सरकार के तहत नोडल एजेंसी है जो स्किल्सफ्यूचर मूवमेंट के कार्यान्वयन को संचालित करती है। अपनी यात्रा के दौरान धर्मेंद्र प्रधान भारतीय डायस्पोरा और ओडिया एसोसिएशन के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। मंत्री सिंगापुर में आईआईटी और आईआईएम के पूर्व छात्रों के साथ भी बातचीत करेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी का रहा 34 मिनट भाषण, 65 बार गूंजी तालियों की आवाज

**NEW DELHI :** नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना उद्बोधन शुरू किया तो अगले पांच मिनटों में ही करीब 14 बार तालियों की गड़गड़ाहट से सदन गूंज उठा। प्रधानमंत्री 34 मिनट तक देश को संबोधित किया और इस दौरान 65 बार तालियों की आवाज से नया सदन गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि बीते नौ साल नवनिर्माण और गरीब कल्याण के रहे हैं। उनकी इस बात पर देर तक तालियां बजती रहीं। नए संसद भवन से देश के संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इसे प्रेरणा के साथ-साथ संकल्प का प्रतिनिधित्व कहा तो सहज ही तालियां बजनी शुरू हो गईं। उन्होंने अपना संबोधन जारी रखा और दूसरी तरफ तालियां बजती रहीं। मोदी-मोदी के नारे लगते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भवन आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा। वे अपने उद्बोधन के दौरान नए संसद भवन की खूबियां बताते गए और लोग हर्ष भाव के साथ तालियां बजाते रहे। स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा कई बार तालियां बजाते दिखे। उनके साथ बैठे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी प्रफुल्लित दिखाई दिये। इस उद्घाटन समारोह में जो आए वे राष्ट्रभाव से सराबोर दिखे। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन आनंदित दिखीं। वे बार-बार तालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार कर रही थीं। अपने उद्बोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जब कहा कि लोकसभा कक्ष में राष्ट्रीय पक्षी मोर को दिखाया गया है तो एकबारगी लोगों की नजर मोरे के बने उन छह तस्वीरों पर जा टिकी हो दीर्घा के ऊपर बनी हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय फूल कमल का छाया पूरे राज्यसभा कक्ष पर है। प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधन के दौरान जब सेंगोल की का जिक्र किया तो वहां बैठे अतिथियों के लिये वह कौतुहल का विषय बना। नए संसद भवन को जब उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के सपने साकार करने का जरिया बताया तो देर तक तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। 34 मिनट के दौरान ऐसे कई पल आए जब तालियों की आवाज में प्रधानमंत्री की आवाज घुल-मिल मिल गई।

### प्रधानमंत्री ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ की बैठक

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के दिल्ली स्थित केंद्रीय मुख्यालय में पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ बैठक किये। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक थी। बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री आमंत्रित थे। मुख्यमंत्रियों ने नए संसद भवन के लोकार्पण समारोह में भी भाग लिया।

### नये संसद भवन के उद्घाटन पर बसपा प्रमुख मायावती ने दी शुभकामनाएं

**LUCKNOW :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने नये संसद भवन के उद्घाटन के लिए केन्द्र को शुभकामनायें दी हैं। मायावती ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि नये संसद भवन के आज किये गये उद्घाटन के लिए केन्द्र को शुभकामनायें। इस नए संसद भवन का बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की मानवतावादी सोच तथा उनके बनाये गये पवित्र संविधान की नेक मंशा के हिसाब से देश व जनहित में सही व भरपूर इस्तेमाल हो, यह उचित होगा।

### मन की बात देश और देशवासियों की उपलब्धियों पर चर्चा का कार्यक्रम : प्रधानमंत्री

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मई माह के अंतिम रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि इसे सुनने वाले मानते हैं कि यह देश और देशवासियों की उपलब्धियों पर चर्चा का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 101वें कार्यक्रम में आज कहा कि इसमें सबकी भागीदारी की ताकत हमें देखने को मिलती है। पिछले 100 वें कार्यक्रम को बड़ी संख्या में देश और विदेश में लोगों ने सुना है। इन्हीं का मानना है कि यह देश और देशवासियों की उपलब्धियों पर चर्चा का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत से जुड़ी भावना को लेकर पिछले दिनों कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी क्रम में अब युवा संगम का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दो युवाओं से भी टेलीफोन पर बातचीत की।

### वीर सावरकर की जयंती पर महाराष्ट्र सरकार का नमन



वीर सावरकर की जयंती पर उपस्थित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अन्य।

**NEW DELHI :** महाराष्ट्र सरकार ने आज (रविवार) वीर सावरकर की जयंती पर उनका स्मरण करते हुए नमन किया। दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में स्थापित वीर सावरकर की प्रतिमा पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने माल्यार्पण कर उन्हें प्रणाम किया। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के साथ उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी भी थे। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री सहित अनेक मंत्री आज संसद भवन परिसर में नए संसद भवन के लोकार्पण के लिए दिल्ली आए हैं। महाराष्ट्र सदन में वीर सावरकर की प्रतिमा के समक्ष सभी ने एकजुट होकर महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया।

# बिहार-झारखंड में 17,000 SIM रद्द ग्राहकों ने ले रखे थे अधिक कनेक्शन

## एक ग्राहक अधिकतम नौ मोबाइल कनेक्शन कर सकता है प्राप्त



**PHOTON NEWS RANCHI :** बिहार और झारखंड में नौ से अधिक कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों के 21,800 सिम कार्ड में से अब तक कुल 17,000 को अप्रैल और मई में निष्क्रिय कर दिया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 21,800 कनेक्शन में से लगभग 17,000 ऐसे मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय कर दिया है। डीओटी के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार एक ग्राहक भारत में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से अधिकतम कुल नौ मोबाइल कनेक्शन प्राप्त कर सकता है। जम्मू-कश्मीर, असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में ग्राहकों के लिए यह सीमा छह है।

विशेष महानिदेशक दूरसंचार, डीओटी (लाइसेंस सेवा क्षेत्र-एलएसए-बिहार) के कार्यालय में एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अप्रैल और मई के महीने में टेलीकॉम सिम सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड फेशियल रिकॉग्निशन पावर्ड सॉल्यूशन ने खुलासा किया कि बिहार और झारखंड में एक उपभोक्ता को अनुमति से अधिक नौ से ज्यादा कनेक्शन देकर कुल 21,800 मोबाइल कनेक्शन जारी किए गये। उन्होंने कहा कि ऐसे करीब 17,000 नंबर के कनेक्शन काट दिये गये हैं। इस तरह के नंबरों की पहचान करने के लिए और विश्लेषण किया जा रहा है।

**2.130 लाख से अधिक मोबाइल नंबरों को किया गया निष्क्रिय :** उन्होंने कहा कि डीओटी पहले ही अप्रैल और मई के महीने में बिहार और झारखंड में 2.130 लाख से अधिक मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय कर चुका है, क्योंकि उनके अधिकांश सिम कार्ड कथित रूप से अवैध तरीकों से खरीदे गये थे। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने 2900 प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) को भी काली सूची में डाल दिया है, जो सिम कार्ड जारी करते समय अनैतिक और अवैध कार्यों में शामिल पाये गये थे। अधिकारी ने कहा कि दूरसंचार सेवा प्रदाता फर्जी पीओएस के साथ-साथ उपभोक्तओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीओटी, पटना कार्यालय भी राज्य पुलिस के संपर्क में है और एएसटीआर विश्लेषण से तैयार की गई खुफिया जानकारी को साझा किया है।

### सात करोड़ ग्राहकों का हुआ फेशियल विश्लेषण

झारखंड भी डीओटी के एलएसए (बिहार) के अधिकार क्षेत्र में आता है। डीओटी ने अप्रैल और मई के महीने में बिहार और झारखंड के लगभग सात करोड़ ग्राहकों का फेशियल विश्लेषण किया और पाया कि 21,800 मोबाइल कनेक्शन स्वीकृत सीमा से अधिक जारी किये गये थे। अधिकारी ने कहा कि डीओटी ने हाल में मोबाइल ग्राहकों को सशक्त बनाने, उनकी सुरक्षा को मजबूत करने और केंद्र सरकार की नागरिक केंद्रित पहलों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए एक डिजिटल पोर्टल संचार साथी शुरू किया है। यह पोर्टल नागरिकों को उनके नाम पर जारी किये गये कुल मोबाइल नंबरों का पता लगाने और उनके खोए हुए फोन का पता लगाने/ब्लॉक करने की सुविधा प्रदान करता है। यह उन्हें उन मोबाइल कनेक्शन की रिपोर्ट करने में भी सुविधा प्रदान करता है, जिनकी या तो आवश्यकता नहीं है या उपभोक्ता द्वारा नहीं लिया गया है।

### साइबर अपराध का हॉटस्पॉट है यह इलाका

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया है कि सिम धोखाधड़ी करने वालों (पीओएस/उपभोक्ता) के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के बाद पूर्वी भारत में साइबर अपराधों में वृद्धि देखी जा रही है। राज्य में छह जिले - पटना, नवादा, नालंदा, गया, शेखपुरा और जमुई साइबर अपराध के हॉटस्पॉट हैं। राज्य के नवादा, गया, नालंदा, जमुई और शेखपुरा जिलों में स्थित साइबर अपराधी राजस्थान, दिल्ली, झारखंड और पश्चिम बंगाल से संचालित अंतरराज्यीय गिरोहों के लिए सहयोगी के रूप में काम कर रहे हैं।

# रांची में सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

- रांची के 56 केंद्रों में हुई परीक्षा, पहले में 14409 और दूसरे शिफ्ट में 14,304 परीक्षार्थी हुए शामिल

**PHOTON NEWS RANCHI :** यूपीएससी की ओर से सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा ली गयी। झारखंड में इसके लिए एकमात्र रांची में सेंटर बनाए गए थे। रांची सेंटर के 56 सब सेंटर्स में यह परीक्षा ली गयी। परीक्षा दो शिफ्ट में ली गयी। पहली शिफ्ट सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरी शिफ्ट 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक ली गयी। रांची सेंटर पर परीक्षा के लिए कुल 26054 परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। जिसमें से कुल 14409 परीक्षार्थी पहली शिफ्ट में एवं कुल 14,304 परीक्षार्थी दूसरी शिफ्ट में उपस्थित हुए। परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्वक ली गयी। आयोग द्वारा दिये गये निदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्थानीय निरीक्षी पदाधिकारी, एक-एक सहायक पर्यवेक्षक, एक-एक दण्डाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्र के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रोनिक उपकरण ले जाना वर्जित था। इसे सुनिश्चित करने हेतु महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा क्रमशः महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों की जांच करने के बाद ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर पाये। उनके निजी सामानों को रखने का उचित प्रबंध किया गया था।

**इन अधिकारियों की हुई थी प्रतिनियुक्ति**

परीक्षा के सफल आयोजन के लिए आयोग ने तीन वरीय पदाधिकारियों अबु बक्कर सिद्दीकी, प्रशांत कुमार एवं आइएएस जितेन्द्र कुमार सिंह को प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया था। इनके अतिरिक्त आयोग द्वारा दो निरीक्षी पदाधिकारी नीरज कुमार, उप सचिव एवं डी०के०मीणा, अवर सचिव की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए आइएएस अमिताभ कौशल ने समन्वयी पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त केन्द्राधीक्षकों, स्थानीय निरीक्षी पदाधिकारियों, सहायक समन्वयी पर्यवेक्षकों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था।

## BRIEF NEWS

### बदले जायेंगे कई IAS अधिकारी, कुछ को मिलेगा अतिरिक्त प्रभार

**RANCHI :** राज्य में आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण-पदस्थापन की तैयारी की जा रही है। कुछ अधिकारियों के जून माह में रूटीन तबादले के तहत ट्रांसफर होगा तो वहीं कुछ अधिकारियों को अपने कार्यो के अलावा अतिरिक्त प्रभार दिया जायेगा। कार्मिक विभाग ने ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित फाइल बढ़ायी है। मुख्य सचिव के स्तर पर इसे भेजने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सहमति ली जायेगी। हाल में मिड कैरियर ट्रेनिंग में मंसूरी गये सात आईएएस अधिकारियों की जगह उनके वापस लौटने तक नये अधिकारियों को उनके विभागों की जिम्मेदारी दी जायेगी।इसके अलावा प्रमंडलीय आयुक्त सहित, आईपीआरडी सचिव, समाज कल्याण निदेशक सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी अफसरों की पोस्टिंग की जायेगी। निबंधक सहयोग समितियां, निदेशक, नगरीय प्रशासन, राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, जेएसएलपीएस के सीइओ, नगर आयुक्त रांची, निदेशक, हस्तकरध, रेशम एवं हस्तशिल्प के पदों पर अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया जायेगा।

### JAP, IRB और SIRB बटालियन के प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग 20 जून से

**RANCHI :** जैप, आईआरबी और एसआईआरबी बटालियन के प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का 20 जून से प्रशिक्षण शुरू होगा। इन सभी बटालियन के हवलदार और एएसआई को एसआई में और एसआई को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी जानी है। प्रशिक्षण की तैयारी को लेकर आईजी ट्रेनिंग द्वारा जैप 4, जैप 5, जैप 9 और आईआरबी 9 के कमांडेंट के साथ 29 मई को बैठक होगी। इस बैठक में शौचालय, पानी, बिजली, पाठ्य सामग्री, हथियार, गोली के बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा।

### जलाशय बचाओ पदयात्रा चार जून को होगी

**RANCHI :** सामाजिक कार्यकर्ता अमृतेश पाठक ने कहा कि रांची में तीन ऐसे जलाशय है, जिनकी स्थिति पहले से खराब है और समय के साथ अब और भी खराब हो रहा है। उनमें कांके डैम, बडा. तालाब और हरमू नदी की दूर्दशा देखकर तो धरती और प्रकृति भी भीतर ही भीतर सिसकती होगी। इसके मद्देनजर जलाशय बचाओ पदयात्रा चार जून को सुबह 8 बजे से कांके डैम के सरोवर नगर तट से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ सरकार को अपनी नीति और नीयत तथा जनता को अपनी प्राथमिकता पुनः परिभाषित करनी है। इसी संकल्प के निमित्त कि रांची के इन तीन जलाशयों को हमें मिलजुलकर बचाना है।

### चारा घोटाले में सजायाफ्ता कैदी प्रकाश चंद्र की बिगड़ी तबीयत, रिम्स में भर्ती

**RANCHI :** चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता कैदी प्रकाश चंद्र यादव (62) की तबीयत होटवार जेल में खराब हो गई। इसके बाद जेल प्रशासन ने उसे रिम्स में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक प्रकाश का शुगर लेवल बढ़ गया, जिस कारण उसे बेचैनी होने लगी। पहले रिम्स के कैदी वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था लेकिन तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद मेडिसिन आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। प्रकाश का शुगर लेवल 533 पर पहुंच गया है। चिकित्सक प्रकाश के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop NoÜ 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
MobÜ 9334495776

# बाइक और मोबाइल लूटकांड के तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** अनगड़ा थाना पुलिस ने बाइक और मोबाइल लूटकांड मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मोहम्मद कैफ उर्फ टेना, अरसलान अंजर और अक्षय सिंह शामिल हैं। इनके पास से लूटी गई पल्सर बाइक, रेडमी कंपनी का मोबाइल, घटना में प्रयोग किया गया बाइक और चाकू बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 16 मई को साजन पोद्दार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि अनगड़ा थाना के चमघाटी में तीन अपराधी उनके बाइक का दूसरे बाइक से ओवरटेक कर चाकू मारकर बाइक और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया । टीम ने तकनीकी शाखा और अनुसंधान के क्रम में मामले में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया और लूट का सामान बरामद किया।

### स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया के गांव में कृषि उपकरणों का वितरण

**RANCHI :** शहीदों एवं नायकों के गांवों के किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया के ग्राम मुरगू, जिलाझ गुमला के 150 आदिवासी किसानों के बीच को किसानोपयोगी लघु कृषि उपकरण का वितरण किया गया। बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की पहल पर निदेशालय प्रसार शिक्षा के सौजन्य से आयोजित तीसरी कड़ी के इस कार्यक्रम में किसानों को कुल दस तरह के हस्तचालित लघु कृषि उपकरणों को निः शुल्क बांटा गया।

# नाबालिग सहित 6 धराए, सात मोबाइल बरामद

**CRIME REPORTER RANCHI :** रातू थाना पुलिस ने रांची में मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर गिरोह के छह लोगों को पकड़ा है। इनमें देव कुमार और अक्षय कुमार जयसवाल शामिल है। इसके अलावा चार नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। सभी आरोपी साहेबगंज जिले के तीन पहाड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपियों के पास से विभिन्न कंपनी के सात मोबाइल बरामद किए गए हैं। ग्रामीण एसपी ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तीन पहाड़ गैंग जो पूरे राज्य में मोबाईल चोरी के लिए प्रसिद्ध है, जो भीड़ में बच्चों के सहयोग से लोगों का मोबाईल चोरी करवाकर उसे बेचते है। सूचना के बाद कमड़े में छापेमारी की गयी और छह लोगों को पकड़ा गया।

### रांची में बाइक चोरी कर बिहार में बेचने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**RANCHI :** नामकुम थाना पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ मृत्युंजय कुमार साव को गिरफ्तार किया है। वह मूल रुप से बिहार के गया का रहने वाला है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को बताया कि मिसिर गोंदा कांके रोड जामुन टोली से बाइक चोरी की गयी थी। मामले को लेकर गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ चोर रांची के विभिन्न थाना क्षेत्र से बाइक चोरी कर बिहार ले जाकर बेचते है। बाइक को लोवाडीह में छिपाया जाता है। सूचना के बाद थाना प्रभारी सुनील तिवारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोवाडीह चौक स्थित संतोष कच्छप के घर में छापेमारी की । आरोपी वहां किराये के मकान में रहता था। उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पूछताछ में उसने अपने एक साथी विकास राज का नाम बताया है।

### दुष्कर्म पीड़िता बच्ची का बाल कल्याण समिति रांची टीम ने किया बयान दर्ज



**CRIME REPORTER RANCHI :** बीते दिनों दुष्कर्म की शिकार हुई सात वर्षीय नाबालिग बच्ची का बाल कल्याण समिति रांची की टीम ने बयान दर्ज किया। बयान में बच्ची ने अपने साथ घटी घटनाओं की जानकारी दी। बच्ची का अभी अस्पताल में ईलाज चल रहा है और बाल कल्याण समिति की टीम ने अस्पताल में ही जाकर बयान दर्ज किया। समिति के चेयरमैन अजय शाह ने बताया कि आमतौर पर बयान के लिए पीड़िता को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है पर चूंकि बच्ची इलाजरत है इसलिए अस्पताल में ही जाकर बयान दर्ज किया गया। समिति के चेयरमैन ने कहा कि पीडिता की हालत में सुधार आ रहा है। उसे समिति की ओर से हर संभव सहायता देने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि दुष्कर्म की यह घटना पिछले दिनों घटी थी। नाबालिग के साथ उसके एक रिश्तेदार ने ही दुष्कर्म किया था। इस मामले में ठाकुरगांव थाना में आइपीसी व पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### स्वर्णजयंती समारोह में पुरस्कृत हुईं महिलाएं

**RANCHI :** सीएनआई छोटानागपुर डायसिस की संस्था मसीही सेवा महिला संगति का वार्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन कई कार्यक्रम आयोजित हुए। एचपीडीसी सभागार बहूबाजार में आयोजित इस समारोह में रविवार को जुबली पत्थर का संस्कार और अनावरण किया गया। इसके बाद सीनड की डब्ल्यूएफसीएस प्रेसीडेंट ने आदर्श वाक्य पर अपना संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इससे पूर्व संस्था की सचिव सुचेता मोहंती और कोषाध्यक्ष ने अपने प्रतिवेदन में संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में नौ जिलो से बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई थी। बता दें कि मसीही महिला संगति छोटानागपुर डायसिस की महिलाओं की संस्था है।

# रांची नगर निगम में हो कानून का पालन : दीपेश

## निगम की कार्यप्रणाली को लेकर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग से शिकायत

- रांची नगर निगम में आरटीआई कानून का नहीं हो रहा अनुपालन



दीपेश कुमार निराला की फाइल फोटो

**PHOTON NEWS RANCHI :** सूचना अधिकार कार्यकर्ता दीपेश कुमार निराला द्वारा रांची नगर निगम के इंफोर्समेंट टीम के विरुद्ध मांगे गए सूचनाओं के आलोक में यह बात सामने आई थी कि इंफोर्समेंट टीम के अफसरों द्वारा पब्लिक से वसूला गया जुमार्ना राशि का संधारण रांची नगर निगम में नहीं हुआ है, जिस कारण उसके हिसाब-किताब की सूचना नहीं दी गई, साथ ही साथ झारखंड पुलिस के समान हू-ब-हू खाकी वर्दी पहनने से संबंधित सूचना और उससे संबंधित प्रावधान/नियम की कॉपी भी अब तक नहीं दी गई है। अब तक रांची नगर निगम के इंफोर्समेंट के अफसर पुलिस के समान हू-ब-हू खाकी वर्दी पहन रहे हैं, जिससे जनता में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। 5 अगस्त 2022 को तत्कालीन मेयर द्वारा लोगों से प्राप्त शिकायत के आलोक में 12 इंफोर्समेंट ऑफिसर को चिन्हित कर उन पर संपादित समीक्षा बैठक की कार्यवाही की सूचना और अपर नगर आयुक्त को उन पर दिए गए कार्रवाई के निर्देश की सूचना भी अब तक आवेदक को उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसकी शिकायत दीपेश कुमार निराला ने 16 अप्रैल 2023 को नगर आयुक्त शशि रंजन से लिखित रूप में की थी और कोई जवाब नहीं मिलने पर दिनांक 04 मई 2023 को पुनः नगर आयुक्त स्मार पत्र भी भेजा था। लेकिन नगर आयुक्त के तरफ से कोई भी जवाब नहीं मिलने पर अब आवेदक दीपेश कुमार निराला ने झारखंड सरकार के सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग से संपूर्ण मामले की शिकायत की है। प्रथम द्दष्टया इंफोर्समेंट टीम द्वारा जनता से वसूले गए लाखों रुपए की राशि का संधारण नगर निगम में द्वारा नहीं करने को सरकारी राशि का गबन का मामला बताते हुए प्राथमिकी दर्ज करवा कर संपूर्ण मामले की जांच करवाने और रांची नगर निगम में कानून का पालन सुनिश्चित करवाने की मांग की है।

अभी क्योंकि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है और नगर विकास एवं आवास विभाग ने नगर आयुक्त को प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया है रांची नगर निगम में इसलिए सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग से उक्त कार्रवाई की मांग की गई है।

## योजना लघु कौशल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मददगार साबित होगी

# पंचायती राज विभाग ने सभी ग्राम पंचायत के मुखिया से लघु कौशल उद्योग पर मांगा प्रस्ताव




**PHOTON NEWS RANCHI :** पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने सूबे के सभी ग्राम पंचायतों में लघु कौशल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सभी, मुखिया को पहल करने का निर्देश दिया है। निशा उरांव ने इस संबध में ग्राम पंचायतों के मुखिया को कहा है कि केंद्र प्रायोजित आरजीएसए योजना लघु कौशल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काफी मददगार साबित होगी। ऐसे में सभी मुखिया अविलंब ग्राम सभा की बैठक कर इस पर मंथन करें और लघु कौशल उद्योग से जुड़ी योजनाओं का पारित कर सरकार केसमक्ष प्रस्ताव रखे। पंचायती राज विभाग सारे प्रस्ताव की समीक्षा उसकी स्वीकृति प्रदान करेगा। हाल में पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने इस संबंध में लोहरदगा जिला के हिरही पंचायत का विजिट किया था वहां के शिल्पकारों से उन्हों पारंपरिक शिल्प निर्माण की स्थिति पर चर्चा की थी इसके बाद ही विभाग ने सभी मुखिया से लघु कौशल उद्योग के विकास के लिए प्रस्ताव मांगा है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभीयान 24 अप्रैल 2018 को आरंभ किया गया था। यह ग्रामीण क्षेत्रों में भारत भर में पंचायती राज प्रणाली को विकसित और मजबूत करने के लिए एक अनुठी योजना थी। इसका उदेश्य स्थानीय विकास की जरूरतों के प्रति अधिक उत्तरदायी बनने के लिए ग्रामीण स्थानीय शासन के लिए संसनों की क्षमताओं को मजबूत करना, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने से जुड़ी स्थानीय समस्याओं के स्थायी समाधानों को साकार करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करना।

### रिम्स के पारामेडिकल छात्रों ने मनाया फ्रेशर्स डे

**RANCHI :** रिम्स ऑडिटोरियम में रिम्स पारा मेडिकल स्कूल के प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने फ्रेशर्स डे मनाया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। 2021-23 बैच के विद्यार्थियों ने सत्र 2022-2024 के अपने जूनियर छात्रों का स्वागत किया। इस पार्टी में पारा रामेडिकल स्कूल के संयोजक डॉ संजय कुमार मुख्य अथिति और रिम्स अराजपत्रित कर्मचारी संघ के महासचिव डॉ धीरेन्द्र प्रसाद, रिम्स अराजपत्रित कर्मचारी संघ के रिम्स शासी परिषद के प्रतिनिधि सदस्य सुसांत कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त अतिथियो में जुम्मन, रामचंद्र, हितेश, नीरज ने प्रेरक प्रसंगों द्वारा प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में उत्तम कुमार एवं अंजनी कुमारी को क्रमशः मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर की खिताब से नवाजा गाया।

### चेन छिनतई के आरोपियों को पकड़ने वाले ट्रैफिक जवान हुए सम्मानित



प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते रांची के ट्रैफिक एसपी व सिटी एसपी ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के डिबडीह के समीप एक महिला से चेन छिनतई कर भाग रहे स्नैचरों को ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तत्परता से पकड़ लिया गया। ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने स्नैचरों को अरगोड़ा चौक के समीप धर दबोचा। वहीं, शनि मंदिर के पास ट्रैफिक पुलिस के जवान को सड़क पर 20 हजार रुपये के नोट मिले थे जिसे सुखदेवनगर थाना में जमा करा दिया। रविवार को ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां व सिटी एसपी ने दोनों ही मामलों में सराहनीय कार्य करने वाले पांचों ट्रैफिक पुलिस जवानों को सम्मानित किया। चेन छिनतई के आरोपी को पकड़ने में एएसआई विश्राम उरांव, संजय कुमार मांझी, धीरज कुमार ,अमरजीत कुमार राय को जबकि नोट जमा कराने वाले जवान मकबूल अली को सम्मानित किया गया।

# CHAINA गोलीकांड का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

PHOTON NEWS DHANBAD

पिछले दिनों धनबाद के भूली थाना अंतर्गत बाईपास रोड किनारे एक होटल में हुई गोलीबारी का उद्भेदन धनबाद पुलिस ने कर दिया है। पुलिस की माने तो यह गोलीबारी किसी गैंगवार का नतीजा नही था, बल्कि खाने-पीने के क्रम में किसी बात को लेकर आपसी झड़प के दौरान इस घटना को अंजाम दिया गया था।


गिरफ्तार आरोपी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

बीते 24 मई को वासेपुर के गैंगस्टर फहीम खान के पुत्र इकबाल खान के करीबी अनवर खान उर्फ चाइना गुड्डू को अज्ञात बदमाशों ने गोलीमार कर घायल कर दिया था।

इस संबंध में रविवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मामले के उद्भेदन के लिए बनाई गई विशेष टीम ने इस घटना के मुख्य आरोपित फैजान अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसके पास से घटना में प्रयुक्त एक रिवाल्वर, दो गोली और खोखा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि यह घटना किसी गैंगवार का नतीजा नही था, बल्कि इस घटना का आरोपित गिरफ्तार फैजान ने बाईपास रोड स्थित एक होटल में कुछ दोस्तों के साथ पार्टी दिया था। इस पार्टी में आरोपित फैजान ने घायल चाइना गुड्डू को भी आमंत्रित किया था।

उन्होंने बताया कि खाने-पीने के क्रम में ही आरोपित और चाइना गुड्डू के बीच किसी बात को लेकर झड़प होने लगी। इसी दौरान आरोपित ने चाइना गुड्डू के ऊपर अपनी रिवाल्वर से तीन गोलियां दाग दी। जिसमे से दो गोलियां चाइना गुड्डू को लगी, जबकि तीसरी गोली रिवाल्वर में ही फंसी रह गई, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस कांड के तीन आरोपित बनाए गए थे, जिसमे से मुख्य आरोपित फैजान अहमद की गिरफ्तारी हो गई है। दो अन्य आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# KODARMA में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले का तीसरा आरोपी क्लर्क गिरफ्तार

PHOTON NEWS KODARMA

जिले में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले में पुलिस ने विभाग के क्लर्क प्रमोद कुमार मुंडा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कल्याण विभाग के रिटायर्ड क्लर्क मो. मोबिन और कम्प्यूटर ऑपरेटर मो. हैदर को भी तीन दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

अल्पसंख्यक छात्रों को केंद्र सरकार से मिलने वाली छात्रवृत्ति में 1.5 करोड़ रुपये गबन का मामला जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर ने कोडरमा थाना में नवम्बर, 2022 में दर्ज कराया था। इसमें 10 विद्यालयों के प्राचार्य के साथ जिला कल्याण कार्यालय से रिटायर्ड क्लर्क मो मोबिन, क्लर्क प्रमोद कुमार मुंडा और कम्प्यूटर ऑपरेटर मो हैदर को आरोपित बनाया गया था।

बताया जाता है कि कोडरमा में 1433 अल्पसंख्यक छात्रों के नाम पर तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपये की राशि गबन मामले में अनियमितता की बात जब डीसी को पता चली तो उन्होंने अपर समाहर्ता से इसकी जांच करवाई। इसमें यह बात सामने आई कि फर्जी स्कूल और फर्जी छात्रों के नाम पर अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के नाम पर मिलने वाली राशि का गबन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में 10 स्कूलों के 1433 छात्रों के नाम पर तकरीबन डेढ़ करोड़ की राशि विभाग के कर्मियों की मिलीभगत से गबन कर ली गई थी।


गिरफ्तार आरोपी। ● द फोटोन न्यूज

जांच के दौरान 12 स्कूलों में से 10 से संबंधित रिकॉर्ड में गड़बड़ी की बात सामने आई थी। जिन 1433 बच्चों की सूची मिली थी उनमें से एक भी बच्चे के खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं किये गये। इनमें से कई बच्चों के नाम और पता भी फर्जी पाए गए हैं। इतना ही नहीं जांच रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र था कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जगह बाहरी युवाओं को छात्र के नाम पर छात्रवृत्ति का वितरण दिखाया गया है।

## लूटपाट के दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार


गिरफ्तार दोनों ओरोपी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS DHANBAD

पेलावल ओपी थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर उत्तरी शिवपुरी में रोड नं. 17 के आगे सुनसान रास्ते में लूटपाट कर रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपितों में पेलावल ओपी थाना क्षेत्र के शिवपुरी कृष्णा नगर (गली नंबर-09) निवासी अभिषेक कुमार उर्फ छोटू व चतरा जिले के पथलगड्डा थाना क्षेत्र के पथलगड्डा निवासी सूरज कुमार चंद्रवंशी है। एक बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। यह जानकारी ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने रविवार को पेलावल ओपी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि आरोपितों के पास से एक काला रंग का पैशन प्रो बाइक (जेएच 02 एएच 7715), एक काला रंग का पर्स, एक लाल काला रंग का वीवो कंपनी का मोबाइल व एक सोने जैसा लाइक लॉकिट चैन बरामद किया गया है। दोनों आरोपितों ने अपराध स्वीकार किया है। घटना के बाबत थाने में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# ग्रीन गैलेक्सी के बल्लेबाजों ने लीग टूर्नामेंट का का मैच जीतकर तीसरे नंबर पर बनाया स्थान

PHOTON NEWS RAMGARH

छावनी फुटबॉल मैदान में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित स्वर्गीय अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल टी20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का रविवार को तीसरे नंबर पर आने वाले विजेता के लिए खेला गया।

तीसरे नंबर पर आने वाले महत्वपूर्ण मैच में ग्रीन गैलेक्सी टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया और पावर हीटर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पावर हीटर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के मैच में 14, 5 ओवर में मात्र 102/10 रन बनाकर ऑल आउट हो गया। इसके जवाबी पारी में 103 रन का टारगेट का पीछा करते हुए ग्रीन गैलेक्सी के बल्लेबाजों ने 6 विकेट के नुकसान पर 15.1 ओवर में 105/6 रन बनाया और लीग टूर्नामेंट का तीसरे नंबर का विजेता बना।

पावर हीटर के ओपनर बल्लेबाज सचिन के आउट होने के बावजूद सुदाम एवं अभिषेक गिरी ने टीम की अच्छी शुरूआत दी। परंतु टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक भी नहीं पहुंच पाया। एक-एक कर सारे विकेट गंवा दिए मात्र 102 रन बनाने में सुदाम 37 बॉल में 4 चौके एवं चार छक्के की सहायता से 53 रन बनाए। वहीं अभिषेक गिरी 12 बॉल में 22 रन 36 के सहायता से अपनी टीम के लिए जोड़ा। वही ग्रीन गैलेक्सी के गेंदबाज सलाउद्दीन युसूफ 3 विकेट तथा अमन कुमार ने भी 3 विकेट लिया। राहुल पतरा 2 विकेट वसीम एवं हर्ष कुमार को एक-एक विकेट मिला। शानदार गेंदबाजी से पावर हीटर बल्लेबाजों को आउट कर बहुत ही छोटा सा स्कोर में रुकने पर मजबूर कर दिया।

ग्रीन गैलेक्सी बल्लेबाजी करते हुए प्रेमराज आनंद 23 रन बनाया, अमन कुमार 22 रन, अशोक 10 रन, अभिषेक 18 रन बनाये। पावर हीटर के गेंदबाज अकाश कुमार सिंह एकमात्र ऐसे गेंदबाज रहे जिसने 4 ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिया। प्रकाश सिंह, आशीष चौबे, आदर्श गिरी को एक-एक विकेट मिला।

मैन ऑफ द मैच घोषित अमन कुमार को मुख्य अतिथि श्री गुरु सिंह सभा रामगढ़ के प्रधान एंव सह सचिव रामगढ़ क्रिकेटर संघ के परमजीत सिंह कालरा एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य विमल बुधिया संयुक्त रूप से मोहित कुमार को अपने हाथों से मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मौके पर टूर्नामेंट के प्रायोजक आलोक कुमार गुप्ता, आरसीए सचिव अरुण कुमार राय, मैच का निर्णायक एंपायर शाहिद मिर्जा एवं पंकज कुमार उपस्थित थे। टूनार्मेंट व्यवस्था बनाए रखने में रवि मुंडा, आदित्य रजक, प्रिंस कुमार, ओम कुमार स्कोरर, समीर कुमार, कॉमेंटेटर अंकित इत्यादि ने अहम भूमिका निभाई।

# MAHATMA गांधी उच्च विद्यालय में हुआ कैरियर काउंसलिंग बोर्ड स्कॉलरशिफ टेस्ट का आयोजन

PHOTON NEWS RAMGARH

पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग बोर्ड स्कॉलरशिप टेस्ट 2023 के दूसरे चरण के परीक्षा का रविवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय देवरिया बरगांवा में आयोजन हुआ। स्कॉलरशिफ टेस्ट में 10वीं, 12वीं व स्नात्तक कक्षा में उतीर्ण हुए करीब 100 विद्यार्थी शामिल हुए।



कुमार क्लासेस के डायरेक्टर के साथ टेस्ट परीक्षा में शामिल बच्चे। ● द फोटोन न्यूज

इस दौरान पहले चरण के स्कोलरशिफ टेस्ट परीक्षा में शामिल हुए बच्चों का रांची के कैरियर काउंसलिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसएस सिंह, सत्यम सिन्हा एवं शिक्षक विक्रम द्वारा कांउसलिंग भी किया गया। इसमें 30 विद्यार्थी शामिल हुए। कांउसलिंग में बच्चों को 10वीं और 12वीं के बाद के कोर्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को स्कॉलरशिप के आधार पर उनका विभिन्न कॉलेज में नामांकन की प्रक्रिया के बावत जानकारी दी गई।

मौके पर कुमार क्लासेस के डायरेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि इस तरह के स्कॉलरशिप परीक्षा से गरीब छात्रों को पढ़ाई में काफी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इस बार के स्कॉलरशिप टेस्ट परीक्षा में शामिल हुए बच्चों का भी जल्द कांउसलिंग किया जायेगा। और उनका नामांकन स्कॉलरशिप के आधार पर कराया जायेगा।

उन्होंने कहा कि यह टेस्ट बच्चों के आगे की पढ़ाई में आर्थिक मदद मिलती है। साथ ही विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर के लिए गाईडेंस भी दिया जाता है। वैसे विद्यार्थी जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनके लिए इस तरह का आयोजन काफी लाभदायक सिद्ध होगा। डायरेक्टर श्री कुमार ने बताया कि गरीब-छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा व बी-टेक का कोर्स संस्था द्वारा फ्री में कराई जायेगी। मौके पर कैरियर काउंसलिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसएस सिंह ने टेस्ट में शामिल हुए बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए उन्हें मोटिवेट भी किया।

# प्रदीप करमाली की अध्यक्षता में बुद्धिजीवी मंच, BARKAKANA क्षेत्र की बैठक संपन्न

PHOTON NEWS RAMGARH

बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र की बैठक में अधिवक्ता उमेश महतो ने कहा कि बरकाकाना क्षेत्र के प्लस टू स्कूल के अभाव में अधिकतर बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने किया और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता उमेश महतो ने किया।


बैठक करते बुद्धिजीवी मंच के लोग। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में एक तरफ हर्ष व्यक्त किया गया कि इस वर्ष बरकाकाना क्षेत्र के 600 से अधिक बच्चे दसवीं कक्षा पास किए हैं तो दूसरी तरफ यह चिंता व्यक्त किया गया कि क्षेत्र में कोई प्लस टू स्कूल नहीं होने के कारण पुनः सैकड़ों बच्चे आगे की पढ़ाई से वंचित रह जाएंगे। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

पहला निर्णय यह लिया गया कि जब तक बरकाकाना क्षेत्र के किसी स्कूल को प्लस टू नहीं बनाया जाएगा तब तक मंच पहलकदमी लेते रहेगी। बहुत जल्द मुख्य मंत्री श्री हेमंत सोरेन से मिल कर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

दूसरा निर्णय यह लिया गया कि इस वर्ष क्षेत्र के पांचों उच्च विद्यालयों क्रमशः श्री नारायण उच्च विद्यालय, बरकाकाना, सी सी एल उच्च विद्यालय, नया नगर बरकाकाना, सिउर उच्च विद्यालय, आर्य बाल उच्च विद्यालय, नया नगर बरकाकाना और मॉडर्न हाई स्कूल, चैनगड़ा के दस दस टॉपरों को दिनांक 4 जून 2023 सम्मानित किया जाएगा। तीसरा निर्णय यह लिया गया कि ग्रीष्मावकाश के बाद बरकाकाना क्षेत्र के सभी गांवों मोहल्लों पर सभाएं कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से प्रोफेसर शाहनवाज खान, श्री देवकी बेदिया, मदन दांगी, ब्रह्मदेव महतो, सुशील कुमार, सोनी देवी, पूर्णिमा देवी, कवित्री देवी, दिनेश करमाली, देवकी बेदिया, प्रमोद महतो, मंटू कुमार बेदिया, मोहित मुंडा, किरण पटेल, पूर्णिमा देवी, सरिता कुमारी, स्वाति देवी, संगीता देवी, चिंता देवी आदि उपस्थित थे।

## JHARKHAND : प्रचंड गर्मी के दिनों में भी वसंत का आनंद देती हैं नेतरहाट की खूबसूरत वादियां

# NETARHAT सुहाने मौसम को लेकर झारखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के दूसरे प्रदेशों में भी प्रसिद्ध है

PHOTON NEWS RANCHI

झारखंड बहुत ही मनमोहक राज्य है। यहां घूमने लायक बहुत सारे खूबसूरत जगह हैं और इन्हीं में से एक है लातेहार जिले का नेतरहाट। नेतरहाट सुहाने मौसम को लेकर झारखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के दूसरे प्रदेशों में भी प्रसिद्ध है। समुद्र तल से लगभग 03 हजार 622 फीट की ऊंचाई पर स्थित रहने के कारण यहां का मौसम काफी सुहावना होता है। राज्य को प्रकृति ने खनिज के साथ सुंदर वादियां और जंगलों की खूबसूरत नेमत बख्शी है।

नेतरहाट को क्वीन ऑफ छोटानागपुर या झारखंड की रानी के नाम से भी जाना जाता है।


नेतरहाट की खुबसुरत वादियां। ● द फोटोन न्यूज

झारखंड का हिल स्टेशन है नेतरहाट। यहां मई और जून की गर्मियों में बसंत का एहसास होता है। बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा समेत अन्य प्रदेशों के पर्यटक बड़ी संख्या में यहां घूमने आते हैं। नवंबर से लेकर जून महीने तक यहां पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है।

नेतरहाट में एक होटल के संचालक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि नेतरहाट में वर्षभर मौसम ठंडा ही रहता है। उन्होंने कहा कि पर्यटक जब भी यहां आए तो अपने साथ कुछ न कुछ गर्म कपड़े जरूर लाएं। क्योंकि, यहां का मौसम कब बदल जाए, यह कोई नहीं जानता। होटल मैनेजर प्रदीप कुमार बताते हैं कि नेतरहाट में पर्यटकों की भीड़ लगती है कि यहां होटल में जगह मिलना भी मुश्किल हो जाता है। इसीलिए यहां आने से पहले पर्यटक होटल की बुकिंग करा लेते हैं।

नेतरहाट में सुहाने मौसम के साथ घूमने के भी कई स्थान हैं, जो पूरी तरह से प्राकृतिक हैं। यहां का सनराइज प्वाइंट कोयल व्यू, सनसेट प्वाइंट मैगनोलिया, अपर घघरी, लोअर घघरी, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नाशपाती बागान, नेतरहाट डैम समेत कई अन्य स्थान हैं, जहां पर्यटकों की भीड़ लगती है। नेतरहाट में छोटा सा बाजार भी है, जहां जरूरत का सामान मिल जाता है।

### नेतरहाट जाने का मार्ग

नेतरहाट जाने का माध्यम सड़क मार्ग है। रांची से नेतरहाट की दूरी लगभग 165 किमी है। रांची से लोहरदगा-घाघरा-बनारी होते हुए नेतरहाट पहुंचा जा सकता है। लातेहार जिला मुख्यालय से नेतरहाट की दूरी 80 किलोमीटर है। लातेहार से सरयू होते हुए नेतरहाट पहुंचा जा सकता है। पलामू से नेतरहाट की दूरी लगभग 130 किलोमीटर है। पलामू से बेतला-गारू-कोटाम या महुआडांड़ होते हुए नेतरहाट पहुंचा जा सकता है।

नेतरहाट आने वाले पर्यटकों को थोड़ी सावधानी भी बरतनी पड़ती है। बनारी से नेतरहाट आने के दौरान लगभग 20 किलोमीटर तक गहरी घाटियां मिलती हैं। इस दौरान वाहन चालकों को सतर्कता से वाहन चलाना होता है। घाटियों में वाहन चलाने के दौरान एक्सपर्ट ड्राइवर को ही गाड़ी चलानी चाहिए। नेतरहाट में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम हैं। यहां लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं का डर नहीं के बराबर होता है। नेतरहाट में थाना भी स्थित है। जंगल वार फेयर स्कूल भी यहां संचालित है। पुलिस ने यहां सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की है।

## BRIEF NEWS

### कल्याण विभाग के सौजन्य से प्रखण्ड के कई जगहों पर धार्मिक स्थलों की घेराबंदी कार्य का हुआ शिलान्यास


शिलान्यास करते अतिथि व उपस्थित लोग। ● द फोटोन न्यूज

RANCHI : कांके प्रखण्ड के इचापीड़ी पंचायत में कल्याण विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से पिरुटोला गांव में मुस्लिम कब्रिस्तान के सुंदरीकरण, इचापीड़ी गांव में सरना घेराबंदी, मसना घेराबंदी का शिलान्यास रविवार को कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी और मुखिया लाखो उरांव के द्वारा सम्मिलित तौर पर फीता काटकर किया गया। मौके पर मौजूद प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने कहा कि कांके प्रखण्ड में जितने भी धार्मिक स्थल है जैसे कब्रिस्तान, सरना, मसना स्थल की हमलोगों ने कल्याण विभाग के सौजन्य से घेराबंदी करवाने का काम शुरू किया है। इसी कड़ी में आज कांके प्रखण्ड के कई जगहों पर शिलान्यास कर उसकी शुरूआत कर दी गई है। इसके अलावा भी लोगों से अपील है कि जिस जगह भी धार्मिक स्थल का घेराबंदी नहीं हुआ है वे लोग कांके प्रखंड प्रमुख कार्यालय में आवेदन करें। हम लोग सरकार के द्वारा वैसे जगहों की सुंदरीकरण और घेराबंदी का कार्य करवाने का प्रयास करेंगे। वही पूर्व जिला परिषद सदस्य सह इचापीड़ी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी ने कहा कि कब्रिस्तान के सुंदरीकरण होने से सैकड़ों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। यहां पर पेवर ब्लॉक, सोलर लाइट, आरसीसी बैंच और प्याऊ की व्यवस्था होगी। वही आदिवासी समाज के धार्मिक स्थल, सरना और मसला की भी घेराबंदी होने से पवित्र जगहों की सुरक्षा होगी। इसके अलावे हमारे पंचायत में बिजली पानी की समस्या को भी दुरुस्त करने का हम लोग प्रयास कर रहे हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुखिया मो गुफरान अंसारी, पूर्व मुखिया सोमरा उरांव, अंजुमन सदर मतीउर रहमान, आजसू नेता सफीउल्लाह अंसारी, समीर अंसारी, खालिद सैफुल्लाह, फिरदौस अंसारी, लियाकत अंसारी, हसीब अंसारी, तौफीक अंसारी, पंचम उरांव, सज्जाद अंसारी, हाजी खुशमुद्दीन, सैजुद्दीन, सद्दाम अंसारी मौजूद थे।

### कोदवे, रोयांग में मंडा पूजा संपन्न

RAMGARH : आज डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के कोदवे रोयांग में मंडा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव के विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद शामिल हुई। विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सर्वेश कुमार सिंह, आजसू नेता तिवारी महतो, झामुमो नेता राजकुमार महतो एवं जदयू नेता दुष्यंत कुमार पटेल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। अखाड़ा में छऊ नृत्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसमें प्रभात कुमार महतो खरसांवा एवं महिला टीम सुनीता महतो पूरूलिया का छऊ नृत्य दिखाया गया। मंडा पूजा में लोटन सेवा, फुल खुंदाय एवं बनस झूला का कार्यक्रम हुआ। कुल भक्तियां 131, सोक्ताईन 111 एंव 5 जोडा बनस झूला में शरीक हुए। पंडित हेमंत कुमार पांडेय, रविंद्र कुमार पांडेय, गोडाईत अजित सिंह एवं हनुमान चटिया दीलिप कुमार, इस अवसर पर रबोध पंचायत के मुखिया उमेश करमाली, पंचायत समिति सदस्य कीनिया देवी, होन्हेमोढा पंचायत समिति सदस्य रीमा कुमारी, पूर्व समिति पुरुषोत्तम करमाली, पूजा समिति के संरक्षक मिठु महतो, अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, सचिव गुलचंद महतो, कोषाध्यक्ष केतर महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अमित साहू को किया गया सम्मानित

RAMGARH : भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अमित साहू को ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बाजार समिति के समक्ष गमछा ओढ़ाकर फूलों की वर्षा कर सम्मानित किया गया ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि एक दिन पूर्व राजू भारती जिनका अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण डॉक्टरों ने दो यूनिट ब्लड चढ़ाने की बात कही थी जो कि रामगढ़ सदर अस्पताल में ए पॉजिटिव ब्लड ना होने के कारण भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अमित साहू 5 मिनट के अंतर्गत 2 यूनिट ब्लड के व्यवस्था कर मिसाल कायम किया। साथ ही रोटरी सेंटर प्राइम ब्लड सेंटर प्राइम हॉस्पिटल में 1450 रुपए चार्ज देना पड़ता है जो कि अमित साहू ने भुगतान किया। राजू भारती के परिजनों को दो यूनिट ब्लड सौंपा उसी को लेकर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अमित साहू को फूलों की वर्षा कर सम्मानित किया गया। अमित साहू ने मोहम्मद आबिद हुसैन राहुल कुमार को भी गमछा ओढ़ाकर फूलों की वर्षा कर सम्मानित किया। अमित शाह ने कहा कि मोहम्मद आबिद राहुल कुमार ने भी रक्तदान कर मिसाल कायम किया है।

### तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन प्रतिमा का कराया गया नगर भ्रमण

RAMGARH : जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित श्रीश्री 1008 पगला बाबा सेवा आश्रम में चल रहें तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दुसरे दिन रविवार को गाजे बाजे के साथ प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। प्रतिमा का पगला आश्रम, जवाहरनगर, थाना चैक सहित अन्य कॉलोनियों मे नगर भ्रमण कराया गया। इसके पुर्व यज्ञाचार्य आचार्य अशोक कुमार मिश्र ने पुरे विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 33 कोटी देवताओं का आह्वान, स्थल पुजन, अधिवास, शच्चाधिवास सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। नगर भ्रमण के दौरान लोगो के जय श्रीराम, जय माता सीता, जय हनुमान सहित अन्य अराध्य देवी देवताओ के गगनभेदी उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पुजा अर्चना मे बतौर यजमान मनोज सिंह सपत्नी सुमन सिंह शामिल थे। महायज्ञ मे सोमवार को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा, आवाहित, देवी देवताओं का पुजन, हवन, पुणार्हुति और भव्य भंडारा के साथ संपन्न होगा। नगर भ्रमण मे भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, यदुनंदन विश्वकर्मा, सतीश ठाकुर, रामसकल सिंह, शशि भुषण स्वर्णकार सहित दर्जनों महिला पुरूष शामिल थे।

### श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी नौ दिवसीय यज्ञ हवन, पूणाहूति और भंडारा के साथ संपन्न

RAMGARH : श्रीश्री 1008 श्री गुरू खेपा बाबा जी महाराज के सानिध्य में थाना मैदान भुरकुंडा में चल रहे नौ दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी यज्ञ रविवार को हवन, पूणाहूति और भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गया। रविवार को यज्ञाचार्य आचार्य सत्येन्द्र गर्ग, राधेश्याम दूबे, राघव पंडित, ब्रजभूषण तिवारी और आयुष पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन, पुणाहुति सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। सुबह महिला पुरूष श्रद्धालु भक्तजनों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। यज्ञ में बतौर यजमान कृष्णा साव, पत्नी लालती देवी, फुलचंद गंझू पत्नी प्रीति देवी शामिल थीं। यज्ञ को सफल बनाने में सुदीप सरकार, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, उमेश प्रसाद, मनोहर जोशी, गौतम नारायण बोस, रविन्द्र नारायण बोस, आनंद महतो, सत्यनारायण दांगी, दयानंद कुमार पात्रा, सागर सिन्हा, राहुल मंडल, ललन प्रसाद, प्रदीप मांझी, अजय पासवान, सुभाष दास, जगदीश राणा, विनय सिंह, आकाश दास, बसंती देवी, शीला देवी, रेशमी कुमारी, विजया रानी बोस, राजकुमार तुरी, सुमंती देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी, राखी देवी, रेखा देवी, दीक्षा कुमारी, रूपा देवी, डॉली कुमारी, पिंकी कुमारी, नीलू कुमारी, आशा देवी, देवानंद महतो, पुतुल दास, उमेश दास, पेरो देवी, सुभाष कुजूर, नीतु देवी, अनिता देवी, अशोक राय, शशि भूषण, रामाकांत दूबे, श्रीनिवास अग्रवाल, देवकांत पंडित, सुधीर दूबे, विजय सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# बेलारी के किसान रामकिशोर सिंह दूसरे के लिए बने प्रेरणादायक

## ठेके पर जमीन लेकर बदली तकदीर दूसरों को भी अब दे रहे काम

**समस्तीपुर** युवा किसान रामकिशोर सिंह ने तरबूज की खेती से न केवल अपने परिवार की तकदीर बदल दी, बल्कि गांव के लगभग 15 लोगों को अपने खेत में रोजगार देकर उनके भी दिन फेर दिए। मैट्रिक की परीक्षा में क्रॉस लगने के बाद खेती में भाग्य आजमाने वाले के उजियारपुर प्रखंड स्थित बेलारी के 42 साल रामकिशोर करीब 20 सालों से दूसरे की जमीन को ठेके पर लेकर खेती करते आ रहे हैं। उनको सामान्य दिनों में प्रति एकड़ एक से सवा लाख रुपए सालाना की आमदनी हो रही है। अपने पिता की ही तरह उन्होंने कुछ दिन तक पारंपरिक खेती की थी। लेकिन इससे होने वाली आमदनी से भरण पोषण मुहाल था। फिर रामकिशोर ने करीब 4 बीघा जमीन लीज पर लेकर लीक से अलग हट कर सब्जियों की खेती करनी शुरू की। वह तरबूज के अलावा परवल, बैगन, टमाटर, गाजर व हरी मिर्च की भी खेती करने लगे। इसके बाद उनकी तकदीर ने साथ दिया और उनकी किसानी चमक उठी। उनके जमीन में अब रोज 12-15 मजदूर लगे रहे हैं। सालाना वह खर्चा काट कर दो लाख से तीन लाख बचा भी रहे हैं। बचत की गई राशि से उन्हें मकान भी बनाया है। कुछ अपने नाम की जमीन भी खरीदी। युवा किसान रामकिशोर सिंह बताते हैं कि तरबूज आम तौर पर नदी के ढाव वाले क्षेत्र में होता है। उन्होंने सोचा यह आम भूमि में क्यों नहीं हो सकता। इसके बाद इन्होंने तरबूज का बीज मंगाया। मिट्टी के जांच कार्यों से जुड़े अशोक कुमार सिंह से मिट्टी की जांच कराकर जरूरत के हिसाब से मिटटी में जैविक खाद, वर्मी और गोबर का प्रयोग किया। बिलंब से तरबूज लगाए जाने के बाद भी फसल अच्छी हुई। रामकिशोर बताते हैं कि बाजार में बिक रहे तरबूज और इनके



खेत में उपजे तरबूज के मिठास में काफी अंतर है। इस मिटटी के तरबूज में मिठास काफी अच्छी है। रामकिशोर बताते हैं कि इस इलाके में तरबूज की खेती की जानकारी के बाद खरीदार उनके खेत तक पहुंच कर तरबूज की खरीदारी कर रहे हैं। अब तक तरबूज 1200 क्विंटल तक बिका है। इस बार उन्होंने करीब एक बीघा में तरबूज लगाया था। अगले वर्ष इसका दायरा और बढाएंगे। उम्मीद से ज्यादा आमदनी हो रही है। खेतों तक खरीदार के आने से उन्हें बाजार भी नहीं जाना पड़ता। रामकिशोर अपने खेतों में मौसम के अनुसार फसल लगाते हैं। इससे उनको सामान्य दिनों में प्रति एकड़ एक से सवा लाख रुपए सालाना की आमदनी होने लगी। इसके बाद उन्होंने ऑर्गेनिक सब्जियों की भी खेती शुरू कर दी। चूंकि इस समय ऑर्गेनिक सब्जियों और फलों की खूब डिमांड है। इसलिए उनको अच्छा खासा मुनाफा होने लगा। अब वह अपने खेत में ही व्यस्त रहते हैं और मांग के अनुसार, अपनी सब्जियों को मंडियो तक भेजते हैं। वह बताते हैं कि इस समय मैं अपनी खेती के ही दम पर अपने दोनों पुत्रों को बड़ी शान से पालन-पोषण कर कर उच्च शिक्षा दे रहा हूं। खेती से होने वाली कमाई से ही मैंने अपने नाम कुछ जमीन खरीदी। अपना घर भी बनाया है।

# भागलपुर के संकट मोचन मंदिर में लगी भीषण आग

**भागलपुर** के तिलकामांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत शहीद भगत सिंह चौक के समीप संकट मोचन दरबार हनुमान मंदिर में भीषण आग लग गई। जिसमें हनुमान मंदिर परिसर में लगे सैकड़ों ध्वज जलकर राख हो गए। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि लोग भयभीत होकर अपना घर छोड़ सुरक्षित जगह पर चले गए। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा दमकल विभाग की टीम को फोन किया गया। दमकल विभाग की टीम आधे घंटे विलंब से पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत करने लगी। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से आग की लपटों को मंदिर परिसर के



भीतर नहीं जाने दिया गया। जबकि मंदिर के बाहर की दीवार आग पकड़ने लगा। घटना में किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुई है। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। घटना को लेकर मोहल्ले वासियों ने बताया कि थोड़ी देर पहले एक बारात गई थी और पटाखे छोड़ने से आगजनी की घटना होने की संभावना जताई जा रही है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि एक महिला घंटों पहले दीप प्रज्ज्वलित कर गई थी, जिसको लेकर भी आग की घटना हो सकती है। वहीं घटना के कारणों का खुलकर पता नहीं चल पाया है। जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामनवमी के मौके पर प्रत्येक वर्ष संकट मोचन दरबार में हजारों की संख्या में राम भक्त ध्वजारोहण करते हैं। वहीं आगजनी पर काबू पा लेने के बाद लोगों ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए। स्थानीय पार्षद ने बताया दमकल विभाग की टीम को काफी देर पहले कॉल किए जाने पर मामले की गंभीरता को देखना चाहिए था।

# चोरी के आरोप में युवक की पोल से बांधकर पिटाई

**पूर्णिया** में चोरी कर भाग रहा एक चोर भीड़ के हत्थे चढ़ गया। चोरी के आरोपी को आक्रोशित भीड़ ने युवक को खंभे से बांध दिया। इसके बाद बेरहमी से उसकी पिटाई की गई। भीड़ में चोरी के आरोप में पकड़ा गया युवक लोगों से उसे रहम की भीख मांगता रहा। घटना मधुबनी टीओपी थाना क्षेत्र के मौलवी टोला चौक की है। भीड़ में खड़े लोग घटनाक्रम का वीडियो बनाते रहे। लोहे के खंभे से बांधकर चोर की बेरहमी से पिटाई का ये लाइव वीडियो शनिवार शाम का है। चोरी के आरोप में पीट रहे युवक की पहचान 18 वर्षीय रवीश कुमार के रूप में हुई है।युवक मधेपुरा किशनपुर के रतवाड़ा के गंगापुर डॉक्टर टोला निवासी कालो सिंह के बेटे के रूप में हुई है। आरोप है कि ये चोर मधुबनी टीओपी




थाना क्षेत्र के मौलवी टोला चौक से लगे एक दुकान से सामान और 5 हजार कैश लेकर भागने लगा। हालांकि भागने के क्रम में मौके पर जुटे भीड़ के हत्थे चढ़ गया। इसके बाद लोगों ने लोहे के पॉल से बांधकर उसकी पिटाई की घटना के संबंध में स्थानीय निवासी फरहान आलम ने बताया कि पकड़ा गया चोर स्मैक के नशे का आदी है। वह गली में आकर स्मैकरों का अड्डा लगाता है। इसके पहले भी इस युवक ने स्मैक की लत को पूरा करने के एवज में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। पिछले दिनों ही इलाके के एक युवक का मोबाइल चोरी कर भाग निकला था। शनिवार शाम इसने मौलवी टोला चौक स्थित दुकान पर अपनी नजर गड़ाई। दुकान से 5 हजार कैश चोरी कर भागने लगा। हालांकि इसके बाद ही लोगों ने उसका पीछाकर दबोच लिया। आक्रोशित भीड़ ने चोर के दोनों हाथ लोहे के पोल से बांध दिए।

# भागलपुर में शादी के दूसरे दिन दुल्हन प्रेमी संग फरार

**भागलपुर** में शादी के दूसरे दिन एक दुल्हन भाग निकली। पति ने बताया कि रात में वो दूसरे कमरे में सो रहा था। रात में 2 बजे उसने प्रेमी को बुलाया और उसके साथ भाग गई। वो अपने साथ गहने और कैश भी ले गई। मामला नारायणपुर गांव का है। पीड़ित पति नंदलाल ठाकुर ने भवानीपुर थाने में केस दर्ज कराया है। नंदलाल 21 मई को मुंगेर के बरियारपुर थाना क्षेत्र के लोहछी लक्ष्मीपुर में धूमधाम से शादी कर 22 मई को पत्नी के साथ घर पहुंचा था। 22 मई की देर रात उसकी पत्नी फरार हो गई। लड़की के गायब होने के बाद परिवार वालों ने उसके घर वालों से भी बात की, लेकिन वो उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। इसके बाद छानबीन की गई तो पता चला कि वो प्रेमी के साथ भाग गई। केस के जांच कर रहे पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार यादव ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से दुल्हन के ससुराल से फरार होने की तस्वीर निकाली। पुलिस ने क्रेटा गाड़ी को मानसी के एक गांव से नवविवाहिता के साथ गुरुवार को बरामद कर लिया है, जिसके बाद न्यायालय में बयान करवाया। पति नंदलाल ठाकुर ने कहा की हिंदू रीति रिवाज के तहत मेरी शादी हुई 21 मई को हुई। और 22 तारीख को हम लड़की को लेकर अपने घर आए और उसी रात लड़की लगभग दो बजे रात में अपने प्रेमी के संग फरार हो गई। नंदलाल ने कहा कि वह अपनी पत्नी के प्रेमी को नहीं पहचानता है। लड़की के माता-पिता सारे मसले को जानते थे फिर भी उन्होंने अपनी बेटी की शादी मुझसे करा दी। इस पूरे मामले में नवगछिया पुलिस कप्तान सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि भवानीपुर ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# बीजेपी पंचायत अध्यक्ष की पहले आंख फोड़ी फिर सिर, मौत

**पिपरा** थाना क्षेत्र अंतर्गत थुमहा वार्ड 6 नवटोल गांव में 5 धूर जमीन के लिए हुई मारपीट में घायल भाजपा पंचायत अध्यक्ष की पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार सुबह पिपरा-सुपौल एनएच 327ई को जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने सुबह 8 से 10 बजे तक हाईवे पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। परिजनों ने पिपरा थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह पर कार्रवाई नहीं करने और लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। घटना की सूचना देने के बाद भी पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची। जाम की सूचना पर पिपरा थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और सीओ रविन्द्र चौपाल पहुंचे। जहां दोनों अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। वे



आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। बाद में मौके पर पहुंचे सदर एसडीएम मनीष कुमार और एसडीपीओ कुमार इंद्र प्रकाश ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। मृतक के परिजनों ने कहा कि 5 धूर जमीन के विवाद में राजेश मंडल के साथ पड़ोसी बद्री मंडल और उनके परिवार के लोगों ने मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपितों ने रॉड से राजेश मंडल की आंख फोड़ने के साथ ही उनका सिर भी फोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल राजेश को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। जहां पांच दिन बाद शुक्रवार को इलाज के दौरान राजेश मंडल की मौत हो गई। राजेश मंडल भाजपा के पंचायत अध्यक्ष भी थे। वे पिछले चुनाव में मुखिया के प्रत्याशी भी रह चुके हैं। वहीं घटना को लेकर शनिवार देर शाम तक मृतक के परिजनों की ओर से थाने में आवेदन नहीं दिया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन देने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आरा में 2 सड़क हादसा, दो की हालत नाजुक



**आरा–सलेमपुर** मुख्य मार्ग मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव के समीप शनिवार की देर शाम दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव निवासी मनोहर मियां के 17 वर्षीय पुत्र मोहम्मद शमीम और सुशील गोंड के 22 वर्षीय पुत्र पवन कुमार शामिल है। इधर, शमीम ने बताया कि सुशील डीजे बजाने का काम करता है। डीजे के प्रचार के लिए आरा में बैनर बनवाने के लिए दोनों बाइक से आए थे। देर शाम वापस अपने गांव लौट रहे थे तभी रतनपुर गांव के समीप सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में समीम को गंभीर चोटें आई है। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के बगुसरा मोड़ के समीप शनिवार को सड़क हादसे में बाइक सवार समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा दोनों को इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव निवासी स्व.रमेश प्रसाद के 37 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार एवं उसी थाना क्षेत्र के बगुसरा गांव निवासी स्व.सुरेश राम का 30 वर्षीय पुत्र प्रवीण राम शामिल है। इधर,जख्मी उमेश कुमार के फूफा उपेंद्र कुमार ने बताया कि बाइक पर सवार होकर अपने गांव से चरपोखरी बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह बगुसरा मोड़ के समीप पहुंचे। तभी प्रवीण राम सड़क पार करने के क्रम



बाइक सामने आ गए। उन्हें बचाने के क्रम में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही ऑटो से टकरा गई। जबकि प्रवीण राम असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

## संक्षिप्त –समाचार

### सदर अस्पताल में आज से शुरू होगा लिफ्ट



पहली बार बिहार शरीफ सदर अस्पताल में लिफ्ट की सुविधा शुरू होने जा रही है। आज से मरीजों और उनके परिजनों को सदर अस्पताल के ऊपरी तल्लों पर जाने के लिए सीढ़ियों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत 22 लाख की लागत से कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल (01) बिहारशरीफ के द्वारा इसे बनाया गया है। शनिवार को ट्रायल पुराकर सदर अस्पताल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया है। रविवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार के द्वारा इसका विधिवत रूप से शुभारंभ कर दिया जाएगा। सांसद मद से लगाए गए लिफ्ट की सुविधा शुरू होने के बाद सिजेरियन मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने में काफी सहूलियत होगी। सबसे बड़ी बात यह है कि लिफ्ट सेवा शुरू होने पर लंबे समय से बंद ग्राउंड फ्लोर की ओटी भी खुल जाएगी। नालंदा सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार ने बताया कि सांसद मद से लगाया गया लिफ्ट पूरे सिस्टम के लिए वरदान है। सिजेरियन केस बढ़ने के बाद पहले ग्राउंड फ्लोर पर बेड की कमी हो जाती थी, लेकिन अब किसी भी फ्लोर पर सिजेरियन के मरीजों को शिफ्ट करने में आसानी होगी।

### नौकरी के नाम पर 2 करोड़ की ठगी

**नौकरी** के नाम पर बिहार के करीब 1 हजार लोगों से 2 करोड़ रुपए से अधिक ठगी के मामले में पटना पुलिस दबाव में है। इस मामले में एक महीने पहले(23 अप्रैल) को त्र्क्षक्र भी पुलिस ने दर्ज की थी, लेकिन जांच और कार्रवाई के नाम पर पुलिस ने अब तक महज खानापूर्ति ही की है। इस मामले में अब तक किसी से पूछताछ नहीं हुई है। किसी की गिरफ्तारी तो दूर की बात है। ठगी के इस केस की स्थिति ये है कि जिस अऊॠ मुख्यालय के कहने पर पटना पुलिस ने दीघा थाना में में त्र्क्षक्र दर्ज किया था, वो भी इस मामले में अपडेट नहीं हैं। ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर के पद समेत अन्य पदों की बहाली के लिए कृषि उत्थान फॉर्म्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने वैकेंसी निकाली थी। इसके लिए बिहार भर के हजारों लोगों ने ऑनलाइन फॉर्म भरा था। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए 500 रुपए परीक्षा शुल्क और 25 हजार की सिक्योरिटी लऊॠ बैंक के अकाउंट में डिपॉजिट करने के निर्देश दिए गए थे। इसे देख हजारों लोगों ने नौकरी पाने की ललक में ऑनलाइन आवेदन जमा किया था। फिर परीक्षा भी ली गई, लेकिन न तो अभ्यर्थियों को नौकरी मिली और ना ही जमा किए गए उनके रुपए उन्हें वापस किए गए। उन्हें मिली तो बस पैसा लौटाने की तारीख, जो अभी तक नहीं मिली है।

### हर्ष फायरिंग में किशोर को लगी गोली



**भोजपुर** एसपी प्रमोद कुमार के लगातार जिला वासियों से अनुरोध करने के बावजूद भी हर्ष फायरिंग सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन बारात तिलक एवं अन्य पार्टियों में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से कई लोग अपनी जान गवा रहे हैं और कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। इसके बावजूद भी लोग अपने शौक में बारात और अन्य पार्टियों में हथियार लहराने एवं हर्ष फायरिंग करने की आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के जमुआ गांव का है, जहां शनिवार की देर शाम बारात में परछावन के दौरान फायरिंग कर दी गई है। हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से पिकअप पर बारात जाने के लिए बैठा एक किशोर जख्मी हो गया। जख्मी किशोर को गोली बाएं कंधे पर लगी है। इसके बाद वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। गोली लगने के बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी किशोर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी तपस्या यादव का 17 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है। इस घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना के बाद बारात में आया लोगों के बीच भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर दौड़ कर भागने लगे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पटना में 5 साल के बच्चे की मिली लाश

**नौबतपुर** में पांच साल के बच्चे का शव रविवार की सुबह पुलिस ने हेमनचक तालाब से बरामद किया। परिजनों ने कहा है कि दोस्त के साथ खेलने के लिए उसके घर गया था। बच्चे की निर्मम हत्या कर दी गई है। वहीं, पुलिस के अनुसार बच्चे की गिरकर भी मौत हो सकती है या किसी ने आपसी विवाद में हत्या की है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चलेगा। जांच चल रही। फुलवारीशरीफ अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने कहा कि मामला संदेहास्पद प्रतीत हो रहा। शनिवार की सुबह 11 बजे से ही बच्चा घर से निकला था और उसी वक्त से बच्चा गायब था, लेकिन परिवार वालों ने स्थानीय थाने में लापता होने की शिकायत नहीं दर्ज कराई थी। रविवार की सुबह परिवार के लोगों ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके बेटे की किसी ने हत्या कर दी। ओम किशोर सिंह ने कहा कि वह प्राइवेट नौकरी करते हैं, पत्नी चंचला देवी एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। उनका इकलौता बेटा आकाश ओम सिंह 5 वर्ष का था जो यूकेजी का छात्र था। आकाश ओम सिंह की मां चंचला देवी ने कहा शनिवार की दोपहर वह घर से अपने दोस्त आदित्य कुमार के घर खेलने गया था। इस बीच वह लापता हो गया।

### बिहार में का-बा की जगह चुनाव तक बाबा ही बाबा

**बिहार** में का-बा का-बा की जगह अब चुनाव तक बाबा ही बाबा होगा। पटना में धीरेंद्र शास्त्री की कथा हिट होने के बाद अब 6 जगह कथा की तैयारी चल रही है। जाति के बंधन में बंधी बिहार की जनता को एक साथ लाने के इस फॉमूर्ले से अब वोट की फसल तैयार की जाएगी। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंच से पटना के बाद गया में कथा की घोषणा की थी। लोकसभा चुनाव 2024 तक बाबा की 6 कथाओं की तैयारी चल रही है। इनका ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हनुमंत कथा के लिए 13 मई को जब पटना एयरपोर्ट पहुंचे तो सांसद मनोज तिवारी सारथी के रूप में नजर आए। पटना एयरपोर्ट से होटल तक बाबा की गाड़ी मनोज तिवारी ने ही ड्राइव की। यह आम बात नहीं है, यह कथा और पॉलिटिक्स के जोड़ का बड़ा संकेत है। भाजपा के लीडर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हर एक्टिविटी के साथ-साथ लगे रहे। पोस्टर से लेकर कथा तक भाजपा एक्टिव रही। कथा के बहाने नेता अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगे थे। पटना के पालीगंज में 13 से 17 मई तक हुई हनुमंत कथा के दौरान बिहार के दिग्गज भाजपा नेता आरती उतारते नजर आए। पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पाटलिपुत्रा सांसद रामकृपाल यादव सहित कई विधायक मंत्री कथा में आरती उतारते नजर आए।

# चीता प्रोजेक्ट पर सवाल

मध्य प्रदेश के कूनो नैशनल पार्क में मादा चीता ज्वाला के एक-एक कर तीन शावकों की मौत ने जहां वन्य जीव प्रेमियों को मायूस किया है, वहीं साउथ अफ्रीका से चीते लाकर भारत के जंगलों को आबाद करने के इस प्रॉजेक्ट को सवालों के घेरे में भी ला दिया है। इस महत्वाकांक्षी प्रॉजेक्ट के तहत नामीबिया से 20 चीते लाए गए थे और यहां आने के बाद 27 मार्च को ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था। लेकिन पिछले छह महीने में पहले तीन चीतों की मौत हुई और फिर तीन शावक भी जीवित नहीं रह सके। हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसे प्रॉजेक्टों का मूल्यांकन करते हुए जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालने से बचा जाना चाहिए। न तो एकाध चीतों का जन्म इन प्रॉजेक्टों की सफलता का सबूत होता है और न कुछ चीतों की मौत इनकी नाकामी का ऐलान। इसके बावजूद अगर इन मौतों ने जीव विज्ञानियों के बीच चिंता पैदा की है तो उसकी वजह इन मौतों के लिए जिम्मेदार बताए जा रहे कारकों में देखी जा रही है। मध्य प्रदेश वन विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को हुई इन मौतों का कारण गर्मी, कुपोषण और उपचार के प्रयासों पर इनका कोई रेस्पॉन्स न देना बताया है। क्या इसका मतलब यह है कि इन चीतों और शावकों के लिए यहां का मौसम और परिवेश अपेक्षा से कहीं ज्यादा प्रतिकूल साबित हो रहा है? जानकारों के मुताबिक, आम तौर पर संरक्षित क्षेत्र में चीते के शावकों का सरवाइवल रेट काफी अच्छा होता है। इस उम्र में शावकों के लिए सबसे पौष्टिक आहार मां का दूध होता है। करीब दो महीने की उम्र के ये शावक अगर कमजोर थे तो क्या इसका मतलब यह है कि उन्हें मां का पर्याप्त दूध नहीं मिल रहा था और अगर यह सच है तो क्या इसके पीछे कारण यह है कि मां में पर्याप्त दूध बन ही नहीं रहा था? इन सवालों के प्रामाणिक जवाब मिलने इसलिए भी मुश्किल हैं क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि इन शावकों और मादा चीता पर कैसे और कितनी नजर रखी जा रही थी। विशेषज्ञों के मुताबिक, चीता शावकों के पालन-पोषण में इंसानी दखल एक सीमा से ज्यादा नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे इनकी शिकार करने की क्षमता प्रभावित होती है। चूंकि इन्हें वन्य जीव के रूप में विकसित होना है, इसलिए इन्हें प्रतिकूलताओं से खुद जूझना और उनसे पार पाना सीखने देना बेहतर माना जाता है। बहरहाल, यह प्रॉजेक्ट शुरू हो चुका है, इसलिए जरूरी है कि हर छोटी-मोटी बात पर इसे कामयाब घोषित करने या नाकाम करार देने की प्रवृत्ति से बचा जाए। दीर्घकालिक नजरिया अपनाते हुए इस प्रयोग को सही ढंग से आगे बढ़ाया जाए तो इसकी कामयाबी ही नहीं, नाकामी से जुड़े पहलुओं के भी ऐसे महत्वपूर्ण सबक हो सकते हैं जो आगे दुनिया भर के जीव विज्ञानियों का मार्गदर्शन करें।

# दूध के दंश

हाल के महीनों में कई बार दूध की कीमतों में वृद्धि जहां आम आदमी का बजट बढ़ाने वाली साबित हुई है, वहीं देश के खाद्य पदार्थों के भाव में वृद्धि से सरकार के महंगाई कम करने के प्रयास भी बाधित हुए हैं। यह विडंबना ही है कि दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश भारत अपने नागरिकों की दूध की मांग पूरी करने में मुश्किल महसूस कर रहा है। कोरोना काल में दूध आपूर्ति बाधित होने से उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं सरकारी आंकड़ों के अनुसार लंपी के चलते दो लाख से अधिक गौधन की क्षति हुई। स्वतंत्र पर्यवेक्षक इसकी संख्या कहीं ज्यादा बताते हैं। बहरहाल, इन आपदाओं से हुई क्षति की वजह से दूध उत्पादन में गिरावट आना स्वाभाविक था। जिसके चलते दूध उत्पादों के आयात के कयास लगाये जा रहे हैं। हालांकि, यदि बाहर से सस्ता दूध आता है तो कीमत युद्ध से देश के दुग्ध उत्पादकों का संरक्षण करना भी एक चुनौती होगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया का चौबीस फीसदी दूध उत्पादन भारत में होता है। बीते साल 22 करोड़ टन से अधिक दूध उत्पादन के आंकड़े हैं। लेकिन उसी अनुपात में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में दूध की मांग में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि आठ से दस फीसदी बतायी जा रही है। कोरोना काल व बाद में लंपी के चलते दूध उत्पादन में जो गिरावट आई है, उससे इस साल कुल उत्पादन में गिरावट या स्थिर रहने के आसार हैं। तभी डेयरी उत्पाद मसलन मक्खन व घी के आयात की बात कही जा रही है। वहीं इस परिस्थितिजन्य संकट के अलावा राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये दूध के मुद्दे पर भी अब खूब सियासत होने लगी है। कर्नाटक चुनाव से पहले दो दुग्ध उत्पादक ब्रांड्स को लेकर जमकर राजनीति हुई। अब यह मुद्दा तमिलनाडु में जा पहुंचा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि आविन के मिल्क शेड क्षेत्र में अमूल की दूध खरीद पर रोक लगायी जाये। उल्लेखनीय है कर्नाटक चुनाव में अमूल की एंट्री को लेकर जमकर राजनीति हुई थी। कांग्रेस व जेडीएस ने यहां तक आरोप लगाया था कि गुजरात से आने वाला अमूल लोकल ब्रांड नंदिनी को खत्म करने की साजिश कर रहा है। यहां तक कि एक होटल संगठन ने बाकायदा अमूल उत्पादों के बहिष्कार की घोषणा की। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क फेडरेशन अपने ब्रांड अमूल के व्यवस्थित कारोबार के लिये जाना जाता है। जिसके चलते सहकारी दुग्ध उत्पादकों के जीवन में खासा सकारात्मक बदलाव भी आया है।

# नई संसदः सर्वधर्म प्रार्थना का संदेश जाएगा दूर तक

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

हिन्दू धर्म के विद्वान डॉ. बलदेव आनंद सागर ने गीता के 5-6 श्लोकों को भी पढ़ा । वे गांधी जयंती पर होने वाली प्रार्थना सभाओं में भी भाग लेते रहे हैं। वे आमतौर पर पंचदेव की प्रार्थना का भी पाठ करते हैं। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। यह एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सब धर्मों को मानने वाले एक-साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मुख्य बिन्दुओं को रख सकते हैं। उम्मीद है कि नई संसद में भी देश के सभी धर्मों, वर्गों, प्रांतों वगैरह से आने वाले सांसद स्वस्थ बहस करेंगे। लोकतंत्र की आत्मा होते हैं वाद, विवाद, संवाद। जहां पर बहस नहीं है, उसे लोकतंत्र कहना बेमानी होगा। उधर, ईसाई धर्म से फादर जॉर्ज सोलोमन प्रार्थना सभा का हिस्सा रहते हैं। महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना पहले दिन से ही आरंभ हो गई थी। उनका ईसाई धर्म, बाबइल और मिशनरियों के कामकाज से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे।

देश को एक नई, भव्य और गरिमामय संसद की इमारत मिल गई। इसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उदघाटन किया। लेकिन, इस बात का दुःख भी होता है पूर्व प्रधानमंत्रियों ने अंग्रेजों की गुलामी के इस संसद को बदलने की जरूरत है, इसपर सोचा तक नहीं, ऐसा क्यों ? उनके उद्घाटन करने से पहले सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित हुई। यह भारत ही है जहां पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा के विचार को आत्मसात किया गया है। महात्मा गांधी ने अपनी सभाओं में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का श्रीगणेश करवाया था। नई संसद के उद्घाटन से पूर्व भारत के सभी प्रमुख धर्मों के विद्वानों ने अपने-अपने धर्मों की पवित्र पुस्तकों के कुछ अंशों को पढ़ा। जिसने भी नई संसद परिसर में प्रार्थना सभा के कार्यक्रम को देखा तो उसका ह्रदय गदगद हो गया। हिन्दू धर्म के विद्वान डॉ. बलदेव आनंद सागर ने गीता के 5-6 श्लोकों को भी पढ़ा । वे गांधी जयंती पर होने वाली प्रार्थना सभाओं में भी भाग लेते रहे हैं। वे आमतौर पर पंचदेव की प्रार्थना का भी पाठ करते हैं। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। यह एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सब धर्मों को मानने वाले एक-साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मुख्य बिन्दुओं को रख सकते हैं। उम्मीद है कि नई संसद में भी देश के सभी धर्मों, वर्गों, प्रांतों वगैरह से आने वाले सांसद स्वस्थ बहस करेंगे। लोकतंत्र की आत्मा होते हैं वाद, विवाद, संवाद। जहां पर बहस नहीं है, उसे लोकतंत्र कहना बेमानी होगा। उधर, ईसाई धर्म से फादर जॉर्ज सोलोमन प्रार्थना सभा का हिस्सा रहते हैं। महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना पहले दिन से ही आरंभ हो गई थी।



उनका ईसाई धर्म, बाबइल और मिशनरियों के कामकाज से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे। जॉर्ज सोलोमन विभिन्न स्थानों पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थनाओं में बाइबल का पाठ करते हैं। वे कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत में सबके साथ समान व्यवहार करती है। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सरकारी आयोजनों में भी होना इस बात की गवाही है कि भारत सरकार का सब धर्मों को लेकर रवैया एक जैसा है। बाकी धर्मों के ग्रंथों की तरह बाइबल का भी रास्ता एक-दूसरे से प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। गांधी जी को बाइबल और ईसाई धर्म को करीब से जानने का अवसर मिला दक्षिण अफ्रीका में। सोलोमन को जब भी किसी सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जाने का अवसर मिलता है तो वे उस मौके को छोड़ते नहीं है। वहां का हिस्सा होना अपने आप में अप्रतिम अनुभव होता है। उन्हें विश्वास है कि भारत के नेतृत्व में चलकर विश्व नफरत पर विजय पा लेगा। संसार में शांति, सच्चाई और सहिष्णुता के एक नए युग की शुरूआत होगी। आपको याद होगा कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कुछ समय पहले एतराज जताया था जब केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां गांधी जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का आयोजन करें। महबूबा मुफ्ती को तकलीफ इसलिए हो रही थी क्योंकि सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में हिन्दुओं के प्रिय भजन भी गाए जाने थे। यानी उन्हें गांधी जी की सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भी मीन मेख निकालने का मौका मिल गया । 85 साल की कात्सू सान भारत सरकार की तरफ से आयोजित होने वाली प्रार्थना सभाओं के अलावा दो अक्टूबर तथा 30 जनवरी को राजघाट और फिर 30 जनवरी मार्ग (बिड़ला हाउस) में आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का भी स्थायी चेहरा हैं। उन्होंने डॉ. शंकर दयाल शर्मा, के.आर. नारायणन, एपीजे अब्दुल कलाम, प्रणव कुमार मुखर्जी, रामनाथ कोविंद जैसे राष्ट्रपतियों तथा श्रीमती इंदिरा, अटल बिहारी वाजपेयी और अब नरेन्द्र मोदी के सामने बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ीं हैं। कात्सू सान के बिना सर्वधर्म प्रार्थना की कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्हें सब कात्सू बहन कहते हैं। उनकी सत्य और अहिंसा के सिद्दातों को लेकर निष्ठा निर्विवाद है। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सबसे पहले आयोजन करने गांधी जी ने तब किया था जब वे राजधानी के वाल्मिकी मंदिर में 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 और फिर बिड़ला मंदिर में 30 जनवरी 1948 तक रहने के लिए आए थे। तब सर्वधर्म प्रार्थना सभायें रोज होने लगी थीं। यह बताना जरूरी है कि गांधी जी के जीवनकाल में बहाई, यहूदी और पारसी धर्म की प्रार्थनाएं नहीं होती थीं। ये बाद में जोड़ी गईं। संसद भवन की नई इमारत के भूमि पूजन के समय भी सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें बौद्ध, यहूदी, पारसी, बहाई, सिख, ईसाई, जैन, मुस्लिम और हिन्दू धर्मों की प्रार्थनाएं की गईं थीं। इसकी शुरूआत हुई थी बुद्ध प्रार्थना से। उसके बाद बाइबल का पाठ किया गया । सर्वधर्म प्रार्थना सभा में हरेक धर्म के प्रतिनिधि को 5-6 मिनट का वक्त मिलता है। बहाई धर्म की प्रार्थना को पढ़ा था सुश्री नीलाकशी रजखोवा ने। उनके बाद यहूदी धर्म की प्रार्थना हुई। यहूदी प्रार्थना के बाद जैन धर्म की प्रार्थना और उसके पश्चात गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ हुआ और फिर कुरआन की आयतें पढ़ीं गईं। ये जरूरी नहीं है कि सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लेने वाले अपने धर्म के धार्मिक स्थान से ही जुड़े होंगे। वे अपने धर्म के विद्वान हो सकते हैं। सबसे अंत में गीता पाठ किया गया। तो यह है भारत का धर्मनिरपेक्ष चरित्र। धर्मनिरपेक्षता का मतलब यह तो नहीं होता है कि कोई देश अपनी धार्मिक परम्पराओं और सांस्कृतिक आस्थाओं को छोड़ दें। यह तो असंभव सी बात है। भारत के संविधान की मूल प्रति में अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए श्रीकृष्ण की तस्वीर है। भारत के संविधान की मूल प्रति पर शांति का उपदेश देते भगवान बुद्ध भी हैं। हिन्दू धर्म के एक और अहम प्रतीक शतदल कमल भी संविधान की मूल प्रति पर हर जगह मौजूद हैं। संविधान की मूल प्रति पर छपी हैं राम, कृष्ण और नटराज की तस्वीरें भी। यदि इन तस्वीरों को आज लगाया होता तो इस कदम का कुछ ज्ञानी सांप्रदायिक कहकर घोर विरोध कर रहे होते। संविधान की मूल प्रति में मुगल बादशाह अकबर भी दिख रहे हैं और सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह भी वहां मौजूद हैं। मैसूर के सुल्तान टीपू और 1857 की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के चित्र भी संविधान की मूल प्रति पर उकेरे गए हैं। तो बहुत साफ है कि भारत के लिए धर्म निरपेक्षता के बहुत गहरे अर्थ हैं जिसे बिना मतलब विवाद करने वालों को समझना होगा ।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# MANIPUR में हिंसा की बड़ी वजह

राज्य के जनजातीय लोगों में यह भरोसा पैदा नहीं हो पा रहा कि सरकार उनके हितों की रक्षा को प्रतिबद्ध है। ऐसे में केंद्रीय गृहमंत्री की अपील का उन पर कितना असर पड़ेगा, कहना मुश्किल है। मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। कुछ दिनों पहले इंफाल में कुछ दुकानें जला दी गईं। अब सीमावर्ती जिलों विष्णुपुर और चुराचांदपुर में हिंसा भड़की है, जिसमें एक व्यक्ति मारा गया। केंद्रीय गृहमंत्री को शांति की अपील करनी पड़ी है। करीब पखवाड़ा भर पहले वहां हिंसा भड़की थी तो भारी पैमाने पर सेना तैनात करनी पड़ी थी। दस हजार के आसपास लोगों को हिंसाग्रस्त इलाकों से बाहर निकाल कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाना पड़ा था। उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दे दिया गया। उसके बाद लगभग दस दिन तक वहां हिंसा रुकी रही। मगर इस हफ्ते फिर से उपद्रव शुरू हो गया। दरअसल, वहां के जनजातीय लोगों में यह भरोसा पैदा नहीं हो पा



रहा कि सरकार उनके हितों की रक्षा को प्रतिबद्ध है। ऐसे में केंद्रीय गृहमंत्री की अपील का उन पर कितना असर पड़ेगा, कहना मुश्किल है। जबसे वहां नई सरकार आई है, तभी से कुकी और नगा समुदाय के लोगों को लगने लगा है कि वह उनके हक छीनना चाहती है। फरवरी में वहां के पहाड़ी इलाकों से तथाकथित बाहरी लोगों को हटाने का अभियान शुरू किया गया, तभी इन समुदायों के लोगों में रोष पैदा हो गया था। जनजातीय लोगों की नाराजगी तब और बढ़ गई जब वहां के उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि उसे मैतेई समुदाय के लोगों को जनजाति का दर्जा देने की दस साल पुरानी मांग पर विचार करना चाहिए। इससे नगा और कुकी समुदाय के लोगों को लगने लगा है कि राज्य सरकार मैतेई समुदाय के लोगों को जनजाति का दर्जा देकर उनके हकों पर डाका डालने का षड्यंत्र कर रही है। उनकी इस धारणा को बदलने की जैसी कोशिश होनी चाहिए, वैसी दिख भी नहीं रही, इसलिए भी उनमें भरोसा नहीं पैदा हो पा रहा है कि उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। मणिपुर में मुख्य रूप से तीन समुदाय के लोग रहते हैं। उनमें से कुकी और नगा को जनजाति का दर्जा प्राप्त है और राज्य के पहाड़ी भूभाग को उनके लिए संरक्षित रखा गया है। यानी उन इलाकों में गैर-जनजातीय लोग जमीन-जायदाद नहीं खरीद सकते। इस तरह मैतेई समुदाय लोग केवल इंफल घाटी तक सिमटे हुए हैं। जबकि जनसंख्या के आधार पर इस समुदाय के लोग कुल आबादी के पचास फीसद से अधिक हैं। अगर उन्हें जनजाति का दर्जा मिल जाता है, तो कुकी और नगा समुदाय के लिए संरक्षित भूभाग में भी उनका प्रवेश संभव हो सकेगा। मणिपुर में मैतेई समुदाय का राजनीतिक वर्चस्व है। वहां की साठ में से चालीस विधानसभा सीटों पर इसी समुदाय के लोग काबिज हैं। कारोबार और दूसरे क्षेत्रों में भी उन्हीं का दबदबा है। इसलिए नगा और कुकी समुदाय को हमेशा यह आशंका बनी रहती है कि अगर इन लोगों को पहाड़ी क्षेत्रों में भी प्रवेश का हक मिल गया, तो ये उनको विस्थापित कर देंगे। राज्य सरकार ने उनकी इस आशंका को दूर करने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया। जब फरवरी में उनमें रोष देखा गया था, तभी कोई व्यावहारिक कदम उठाया जाता तो शायद आज यह नौबत न आने पाती कि मणिपुर में शांति बहाली के लिए बंदूक का सहारा लेना पड़ता। केंद्रीय गृहमंत्री ने पहले वहां के लोगों से शांति बनाने की अपील की है, फिर वहां जाकर उनकी समस्या का निराकरण करने का भरोसा दिलाया है। मगर यह भरोसा राज्य सरकार के इरादे में भी दिखना चाहिए।

## Social Media Corner

सच के हक में...



आज का दिन हम सभी देशवासियों के लिए अविस्मरणीय है। संसद का नया भवन हम सभी को गर्व और उम्मीदों से भर देने वाला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह दिव्य और भव्य इमारत जन-जन के सशक्तिकरण के साथ ही, राष्ट्र की समृद्धि और सामर्थ्य को नई गति और शक्ति प्रदान करेगी।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)



जिस दिन संसद का नया भवन राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है, भारत के सबसे प्रसिद्ध चैंपियन पहलवानों, हमारे राष्ट्रीय गौरव के साथ इस तरह की क्रूर और शर्मनाक मारपीट को देखना दुखद है। उनका अपराध- शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध के माध्यम से न्याय की मांग करना। मैं उनकी नजरबंदी की कड़ी निंदा करता हूं और उनकी तत्काल रिहाई की मांग करता हूं।

(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)

# संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और भारत की भूमिका

सारी दुनिया में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस हर साल 29 मई को मनाया जाता है। इस मिशन में भारत की अहम भूमिका है। 1960 से 1964 तक के यूएसओसी कांगो मिशन में भारतीय वायुसेना के छह कैनबरा बॉम्बर एयरक्राफ्ट तैनात किए गए थे। इनमें 467 अधिकारी, 401 जेसीओ और 11354 जवानों ने हिस्सा लिया था। इस मिशन में 39 सैनिकों ने अपने प्राण गंवाए थे। 1992 से 1993 तक कंबोडिया में भारत ने सीजफायर की निगरानी की थी। यहां के चुनाव में भी सहायता की थी। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के इस मिशन में 1373 सैनिकों की तैनाती की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2002 में आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार शांति रक्षा मिशन को अधिकार दिए। साथ ही 29 मई को ह्यशांति रक्षक दिवसह्ल के रूप में नामित किया। तब से प्रतिवर्ष इस दिन को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक है। कनाडा और पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 75वीं सालगिरह मना रहा है। उसके अब तक के शांति रक्षक अभियानों में अब तक दुनियाभर के 4000 से भी ज्यादा शांति रक्षकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इनमें भारत के शांति रक्षकों की संख्या करीब 170 है। यह संख्या किसी भी अन्य देश के मुकाबले सर्वाधिक है। 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी। इसकी स्थापना द्वितीय विश्वयुद्ध के विजेता देशों ने की थी। इसका मकसद था कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के मामलों में हस्तक्षेप करने से भविष्य में पुनः विश्वयुद्ध जैसे हालात न उभरने पाएं। इन देशों में अमेरिका, यूके, फ्रांस, रूस इत्यादि शक्तिशाली देश शामिल थे। इन संस्थापकों को उम्मीद थी कि वे इसके जरिये युद्ध को सदा के लिए रोक पाएंगे किन्तु 1945 से 1991 के शीत युद्ध के समय विश्व के विरोधी भागों में विभाजित होने के कारण शांति रक्षा संघ को बनाए रखना बहुत कठिन हो गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29 मई 1948 को पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इजरायल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए यूएन शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। फिलहाल विश्व में एक लाख से भी अधिक पुरुष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है। इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में तैनात हैं। यूएन के शांति मिशनों में भारत की भूमिका अहम है। सबसे पहले नवम्बर 1950 से जुलाई 1954 तक चले कोरियाई युद्ध के दौरान भारत ने इस मिशन में 17 अधिकारी, नौ जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) तथा 300 सैनिक तैनात किए गए थे। भारत हथियारों से लैस एक दल को 1956 से 1967 के बीच संयुक्त राष्ट्र की आपातकालीन सेना में भेजने वाला देश भी बना था। इस अवधि के दौरान भारत की ओर से 393 अधिकारी, 470 जेसीओ तथा 12383 जवान संयुक्त राष्ट्र के मिशन में शामिल हुए थे।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



-मन की बात की 101वीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खूंटी जिले में पिछले तीन वर्षों से जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे बोरीबांध की प्रशंसा करते हुए खूंटीवासियों को शुभकामनाएं दी। जल संरक्षण के इस प्रयास से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग के कारण खूंटी जिले के नदियां संकट में पड़ गईं। नदियों को बचाने के लिए जन शक्ति से जलशक्ति को बचाने का अभियान वर्ष 2021-22 से शुरू किया गया। खूंटी जिले के बनई, तजना, नरदा, चेंगरझोर, कारो आदि नदियों पर बोरीबांध का निर्माण किया गया। इसका उद्देश्य जल संचयन तो था ही लेकिन उससे महत्वपूर्ण यह था कि गांव के लोगों का नदियों से जुड़ाव बढ़े। गांव के लोग जब अपने पूरे दिन का कामकाज छोड़ तपती धूप में 50 से 100 के समूह में नदी पर बोरीबांध बनाने उतरते। उनका संपर्क नदी के पानी, मिट्टी और बालू से होता। नदी से उनका लगाव बढ़ गया। नदी को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हो जाते हैं। नदी पर एक बार बोरीबांध बनने के बाद उसका रखरखाव भी गांव के लोग बरसात से पहले तक करते हैं। वे नदी से बालू का अवैध उत्खनन भी नहीं होने देते। नतीजा यह हुआ कि पिछले दो सालों में ही फर्क भी नजर आने लगा है। नदी अपने पुराने स्वरूप में लौटने लगी है। मुरहू प्रखंड में बनई नदी में इस प्रचंड गर्मी में भी 12 किमी दूर तक पानी छलछला रहा है। जनशक्ति से जलशक्ति और नदी बचाओ अभियान के तहत अब तक तीन सालों में 270 से ज्यादा बोरीबांध बनाए जा चुके हैं।

**दीपक गुप्ता, साइबर सेक्युरिटी एक्सपर्ट।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय महिला टीम जापान रवाना

**बंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम जूनियर एशिया कप 2023 के लिए रविवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से रवाना हो गई। जूनियर एशिया कप एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, जो जापान के काकामीगहारा में 2 जून से शुरू होने वाला है। ग्रुप चरण के दौरान पूल ए में भारत का सामना कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान से होगा जबकि पूल बी में मेजबान जापान, चीन, कजाकिस्तान, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया शामिल हैं। वे 3 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे और उसके बाद 5 जून को मलेशिया के खिलाफ मैच खेलेंगे। वे 6 जून को कोरिया और 8 जून को चीनी ताइपे से भिड़ेंगे। सेमीफाइनल 10 जून को होगा जबकि फाइनल 11 जून को खेला जाएगा। उपकप्तान दीपिका के साथ कप्तान प्रीति भारत के अभियान की अगुआई करेंगी और टीम में ऐसी खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है। प्रीति ने कहा, हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। हमारे पास एक अच्छी, अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और टीम जापान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्साहित है। रवाना होने से पहले उपकप्तान दीपिका ने कहा, हमने एक ही कैंपस में सीनियर टीम साथ प्रशिक्षण लिया है। हमारी टीम भी कुछ समय के लिए एक साथ कैंपस में रही है, इसलिए टीम की अच्छी बॉन्डिंग है और हम अपनी ताकत और कमजोरियों को जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, आमतौर पर इस टूनार्मेंट में, भारत ने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है और हम उसे जारी रखना चाहेंगे। हमारा पहला मकसद ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहना है और फिर नॉकआउट चरण में एक बार में एक मैच जीतना है।

# जूनियर एशिया कप : भारत-पाक मुकाबला बराबरी पर रहा

**सलालाह ।**




भारत और पाकिस्तान के बीच जूनियर एशिया कप हॉकी में पूल एक का तीसरा मैच 1-1 से बराबरी पर रहा। इस टूर्नामेंट में अब तक भारतीय टीम एक मैच भी नहीं हारी है। इस मैच में शारदानंद तिवारी ने 24वें मिनट में एक गोल करके भारतीय टीम को बढ़त दिलायी पर ये अधिक देर तक बनी नहीं रह पायी।बशारत अली ने 44वें मिनट में एक गोल कर पाक को बराबरी पर ला दिया। इस मैच के ड्रॉ रहने से भारत के अब तीन मैचों में कुल सात अंक हो गए हैं और वह पूल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं पाक के भी सात अंक हैं पर वह बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर है। वहीं जापान तीन मैचों में छह अंक के साथ ही तीसरे स्थान पर है। पाक के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और इससे उसे पेनल्टी कॉर्नर भी मिले पर वह उन्हें गोल में नहीं बदल पायी। वहीं दूसरी ओर पाक को भी कुछ अवसर मिले पर वह भी गोल करने में नाकाम रही। पहला क्वार्टर गोल रहित छूटने के बाद शारदानंद ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम ने कई हमले किये पर वह अपने प्रयासों को गोल में नहीं बदल पायी। पाक टीम ने भी गोल करने के कुछ प्रयास किये इसी के तहत ही बशारत ने एक गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद चौथे क्वार्टर में दोनो ही टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया पर वह अवसरों को गोल में नहीं बदल पायी।

### संक्षिप्त समाचार




## ऑरेंज-पर्पल कैप पर गुजरात के खिलाड़ियों को ही मिलेगी

**अहमदाबाद ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र में सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप गुजरात टाइटन्स के खिलाड़ियों को मिलनी तय है। बल्लेबाजी में शुभमन के 851 रन हैं, वहीं सीएसके के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के कुल 625 रन जबकि ऋतुराज गायकवाड़ के कुल 564 रन बनाए हैं। ऐसे में इन दोनों का ही ऑरेंज कैप की दौड़ में शुभमन से आगे निकलना संभव नहीं है। बात अगर पर्पल कैप की रेस में गुजरात के मोहम्मद शमी 28 विकेट के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं गुजरात के ही स्पिनर राशिद खान के खाते में 27 विकेट हैं, जबकि मोहित शर्मा ने 24 विकेट लिए हैं। 21 विकेट के साथ इस सूची में सीएसके के तुषार देशपांडे छठे नंबर पर हैं, जबकि रविंद्र जडेजा 19 विकेट के साथ आठवें पायदान पर हैं। ऐसे में गुजरात के गेंदबाजों को ही शीर्ष पर आना तय है।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में गेंद से छेड़छाड़ के लिए विवादों में आई पाक टीम




**हरारे ।** जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतिम मैच में गेंद से जमकर छेड़छाड़ करने को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट टीम विवादों में घिर गयी है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतिम मैच में जमकर गेंद से छेड़छाड़ की जिसके कारण मेजबान टीम को 5 रन पेनेल्टी के तौर पर दिए गए। इस घटना ने सभी का ध्यान खींचा है। यह घटना मैच के 34वें ओवर की है उस समय गेंदबाजी आमेर जमाल कर रहे थे, ओवर की अंतिम गेंद पर अंपायर ने गेंद से छेड़छाड़ के कारण पाक पर 5 रन की पेनेल्टी लगाई। अब इस मामले में आगे की कार्रवाई मैच रैफरी करेंगे। इस मैच में पाक गेंदबाज शाहीन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। जिम्बाब्वे ने एर्विन की 195 रनों की तेज पारी के बल पर 385 रन लगाए दिए। एर्विन ने अपनी पारी में 148 गेंदों पर 22 चौके और 6 छक्के लगाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम 353 रनों पर ही सिमट गई और उसे 32 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पाक की ओर से मुबासिर ने शतक लगाया पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये।

# विराट कोहली की धुंआधार बल्लेबाजी का गवाह बनेगा डब्ल्यूटीसी फाइनल



**नई दिल्ली ।**

इस बार विराट कोहली की धुंआधार बल्लेबाजी का गवाह डब्ल्यूटीसी का फाइनल मैच बनेगा। इसके लिए विराट जमकर नेट प्रेक्टिस कर रहे हैं। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल से हटते ही टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को टारगेट कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत की टीमें 7 जून को आमने-सामने होंगी। विराट की फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के सामने दीवार बन सकती है। हालांक आईपीएल में कोहली के बल्ले की आग देख कंगारू टीम उन्हें टारगेट करना चाहेगी। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भी कोहली ने एक पहाड़ जैसी पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को विकेट के लिए तरसा दिया था। आईपीएल में कोहली की फॉर्म की बात करें तो इस सीजन वह काफी आक्रामक नजर आए हैं। विराट ने एक के बाद एक फिफ्टी लगाई, उसके आरसीबी के लिए बैक-टू-बैक सेंचुरी लगाकर कई रिकॉर्ड्स ध्वस्त कर दिए। उनके बल्ले से 6 अर्धशतक जबकि 2 ताबड़तोड़ शतकीय पारियां देखने को मिली। हालांकि, कोहली आरसीबी को प्लेऑफ में पहुंचाने में कामयाब नहीं हो सके। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि फाइनल में कोहली की फॉर्म कंगारुओं के लिए मुसीबत बन सकती है। विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर अपनी 2 फोटो शेयर की, जिसमें से एक में कोहली नेट्स में प्रैक्टिस करते नजर आ रहे हैं। बॉर्डर गासवस्कर ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में विराट कोहली ने टेस्ट में शतकों का सूखा खत्म किया। उन्होंने इस दौरान 364 गेंद में 15 चौकों की मदद से 186 रन की विशालकाय पारी खेली थी। अब देखना होगा कोहली का बल्ला इंग्लैंड में रन उगलने में कामयाब होता है या नहीं। लंबे प्रारूप में कोहली के बैट से 6 डबल सेंचुरी निकल चुकी हैं। उन्होंने साल 2016 में टेस्ट में 3 दोहरे शतक जमाए थे।

## यशस्वी डब्ल्यूटीसी मुकाबले के लिए ऋतुराज की जगह शामिल किये गये




**मुम्बई ।**

आईपीएल के इस 16 वें सत्र में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचने वाले राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अगले माह जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) मुकाबले के लिए भारतीय टीम में जगह मिल गयी है। बीसीसीआई ने डब्ल्यूटीसी के लिए भारतीय दल के साथ ही स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची भी जारी की थी। उसी में शामिल स्टैंडबाय खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड़ अगले महीने की शुरुआत में अपनी शादी के कारण इस खिताबी मुकाबले में शामिल नहीं होंगे। ऐसे में उनकी जगह पर यशस्वी जायसवाल को शामिल किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसी कारण बीसीसीआई ने यशस्वी को लाल गेंद से अभ्यास के लिए भी कहा है। यशस्वी के पास उनके पास पहले से ही इंग्लैंड का वीजा है, इसलिए वे कुछ दिनों में लंदन रवाना होंगे।इस युवा बल्लेबाज ने आईपीएल के इस सत्र में रॉयल्स की ओर से 14 मैचों में 625 रन बनाए जबकि रणजी ट्रॉफी में उन्होंने पांच मैचों में 404 रन बनाए थे।बीसीसीआई ने शुरू में ऋतुराज को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए स्टैंड-बाय ओपनर के रूप में चुना था पर अब ऋतुराज ने । बीसीसीआई को बताया है कि वह 5 जून के बाद टीम में शामिल हो सकते हैं पर कोच राहुल द्रविड़ ने एक विकल्प की मांग की जिसके बाद यशस्वी को जगह मिली। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि यशस्वी भारतीय टीम में शामिल होंगे क्योंकि गायकवाड़ ने हमें सूचित किया है कि वह अपनी शादी के कारण इंग्लैंड नहीं जा पाएंगे। वह 5 जून के बाद टीम में शामिल हो सकेंगे।

## पीएसजी को मिला 11वां खिताब, मेसी ने रोनाल्डो का रिकार्ड तोड़ा

**पेरिस ।**




पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में 11वां खिताब अपने नाम किया है। इस मैच में पीएसजी की ओर से स्टार खिलाड़ी लियोनन मेसी ने एक गोल कर शीर्ष पांच लीग में सबसे ज्यादा गोल करने के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। पीएसजी का मुकाबला स्ट्रासबर्ग के खिलाफ मैच में 1-1 से ड्रॉ रहा। इस जीत से पीएसजी के अब 37 मैचों में सबसे ज्यादा 85 अंक हो गए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रही लेंस के 37 मैचों में 81 अंक हैं और अब केवल एक दौर के मैच होने शेष हैं। मेसी ने इस मैच के 59वें मिनट में अपनी टीम पीएसजी की ओर से एक गोल करके उसे 1-0 की बढ़त दिलायी। वहीं स्ट्रासबर्ग की ओर से स्ट्राइकर केविन गामेरो ने 79वें मिनट में एक गोल दाग कर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। मेसी ने इस मैच में यूरोप के लीग मैचों में 496वां गोल करने के साथ ही रोनाल्डो के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

लेंस ने एक अन्य मैच में अजाशियो को 3-0 से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। इससे उसने अगले सत्र में होने वाली चैंपियंस लीग के लिए भी अपनी जगह पक्की की। पीएसजी ने इस खिताब के साथ ही फ्रांस की सैंट एटीने टीम के 10वां के रिकार्ड को भी पीछे छोड़ दिया।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए को हराया

**एडिलेड ।**



भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया 'ए को 2-1 की हरा दिया। भारत की ओर से नवनीत कौर ने 10वें और दीप ग्रेस एक्का ने 25वें मिनट में गोल किये। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया 'ए की ओर से एकमात्र गोल एबिगेल विल्सन ने 22 वें मिनट में दागा। ऑस्ट्रेलिया 'ए ने इस मैच में आक्रामक रुख अपनाने हुए शुरुआत में गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा। भारतीय टीम की ओर से रक्षापंक्ति में गुरजीत कौर की अहम भूमिका रही। भारत ने शुरुआत में ही ऑस्ट्रेलिया ए की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाये रखा। इसका लाभ भी भारतीय टीम को मिला और नवनीत कौर ने रिवर्स हिट के साथ पहला गोल कर भारतीय टीम को आगे कर दिया। वहीं इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही तेजी दिखायी। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया 'ए ने तेजी से हमले शुरु कर दिये। ऑस्ट्रेलिया'ए को दूसरे क्वार्टर के बीच में ही पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। एबिगेल ने जोरदार ड्रैगफ्लिक के साथ इस पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके कुछ देर बाद ही भारत के दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कार्नर पर अपनी ड्रैगफ्लिक से एक ओर गोल दागकर भारतीय टीम को आगे कर दिया। वहीं वंदना कटारिया ने हाफ टाइम के बाद बायीं ओर से आक्रमण करते हुए भारत को एक और पेनल्टी कार्नर दिलाया। इस बार ऑस्ट्रेलिया 'ए की टीम ने अच्छा बचाव किया। इसके बाद चौथे क्वार्टर में भी ऑस्ट्रेलिया 'ए दबाव में रही। भारतीय टीम ने मैच के अंतिम क्षणों में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया पर वह उसे गोल में नहीं बदल पायी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने भी काफी प्रयास किये पर वह नाकाम रही।

## सहवाग ने आईपीएल सत्र के शीर्ष पांच बल्लेबाजों में यशस्वी , रिंकू जैसे युवाओं को शामिल किया

**नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में अनुभवी के साथ ही युवा क्रिकेटरों ने ही शानदार पारियां खेली हैं। साथ ही कहा कि आईपीएल के इस 16 वें सत्र के नायक युवा बल्लेबाज यशस्वी जायस्वाल और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ी हैं। सहवाग ने पांच ऐसे खिलाड़ी चुने है, जिनको वह इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मानते हैं। सहवाग ने अपनी इस सूची में फाफ डु प्लेसी और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी शामिल नहीं किया है। उनका मानना है कि शुरुआती बल्लेबाजों को रन बनाने के काफी अवसर मिलते हैं, इसलिए उन्होंने अपनी इस सूची में एक ही सलामी बल्लेबाज को जगह दी है। सहवाग ने इस सत्र के अपने शीर्ष-पांच सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुने हैं। उन्होंने रिंकू , शिवम, जायसवाल, सूर्युकुमार और क्लासेन को इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना है। सहवाग ने कहा, मेरे पांच पांडव, क्रिकेट के पांडव। इस सत्र के आईपीएल के मेरे पसंदीदा पांच बल्लेबाजों में मैं ज्यादा सलामी बल्लेबाजों को नहीं चुन रहा हूँ, क्योंकि उनको पारी की शुरुआत करते हुए रन बनने के बहुत से अवसर मिलते है। मेरे ध्यान में पहला नाम रिंकू सिंह का आता है। आपके ध्यान में ऐसा खिलाड़ी नहीं आएगा, जिसने लगातार पाँच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई हो। एकमात्र बल्लेबाज रिंकू ने ऐसा किया है। वहीं दूसरे नंबर पर मध्य क्रम के बल्लेबाज शिवम दुबे है। सहवाग ने साथ ही कहा , इसमें तीसरे बल्लेबाज के तौर पर एक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को जगह दी है। इसके बाद सूर्युकुमार यादव का नाम आत है। वहीं पांचवें नंबर पर हेनरिक क्लासेन हैं। रिंकू ने 14 मैच, 474 रन बनाय हैं और उनका औसत 59.25, स्ट्राइक रेट 149.53 रहा है। यशस्वी जायसवाल ने 14 मैच, 625 रन बनाये हैं और उनका औसत 48.08, स्ट्राइक रेट 163.61 रन रहा है। शिवम दुबे ने 15 मैच, 386 रन बनाये हैं और उनका औसत 35.09, स्ट्राइक रेट 158.05 रन रहा है। सूर्यकुमार यादव के 16 मैच में 605 रन के साथ ही औसत 43.21 और स्ट्राइक रेट 181.14 रहा है। हेनरिक क्लासेन के 12 मैच में 448 रन और उनका औसत 49.78 व स्ट्राइक रेट 177.08 रन है।



## गावस्कर ने शुभमन की जमकर प्रशंसा की



**अहमदाबाद ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा की है। शुभमन ने इस साल आईपीएल में 16 मैचों में 60.79 की औसत से 851 रन बनाए। साथ ही उन्होंने आखिरी चार मैचों में तीन शतक बनाए हैं। आरसीबी के खिलाफ आया दूसरे क्वालीफायर में शुभमन ने शानदार शतक लगाया था। तेंदुलकर ने अपने ट्वीट में कहा कि इस युवा बल्लेबाज के लिए सत्र अद्भुत रहा है। तेंदुलकर ने कहा कि शुभमन की बल्लेबाजी के बारे में जिस चीज ने उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह उनका स्वभाव, अटूट शांति, रनों की भूख और विकेटों के बीच दौड़ने की समझ। सचिन ने आगे लिखा, अधिक स्कोर वाले मुकाबलों में हमेशा निर्णायक पल होते हैं। 12वें ओवर से शुभमन की असाधारण पारी ने गुजरात टाइटंस को प्रेरित किया। यह स्कोर को आगे बढ़ाने और उस पर गहरा प्रभाव डालने की उनकी क्षमता का प्रदर्शन था। इसी तरह मुंबई ने तिलक वर्मा की मोहम्मद शमी के एक ओवर में 24 रनों की तूफानी पारी ने मैच में जान डाल दिया था। सूर्यकुमार जब तक आउट नहीं हुए थे तब तक गेम मुंबई के पक्ष में था।

## कोहली, धोनी और रोहित की तरह खेलेंगे शुभमनः रैना

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले समय में एक बेहतरीन बल्लेबाज बनकर विराट कोहली, महेन्द्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा की तरह खेलेंगे। पहले क्वालीफायर में शुभमन ने 129 रनों की शानदार पारी खेली थी। रैना ने इसके साथ ही यह भी कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुभमन की बॉडी लैंग्वेज और मनोबल काफी उंचे स्तर का था। रैना ने कहा, हमने जो शांति देखी। इतने बड़े मैच में उनकी बॉडी लैंग्वेज बहुत अहम रही है। मैच में बाद में उन्होंने जो छक्के मारे, जिन्हें हम पिक-अप शॉट कहते हैं। उन्होंने कुमार कार्तिकेय को एक छक्का मारा और उसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि वह कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे उनकी बॉडी लैंग्वेज, उनका आत्मविश्वास पसंद आया। जिससे लगता है कि शुभमन को बड़े मैचों में खेलने की आदत पड़ गई है। इससे तय है कि वह भविष्य में एक बेहतर बल्लेबाज बनकर उभरेंगे।






THE PHOTON NEWS
08 www.thephotonnews.com
Monday, 29 May 2023

# फिल्मों के चयन में इस बात का ख्याल रखती हैं भूमि

भूमि पेडनेकर ने अपने अलग किरदारों और शानदार अभिनय के बूते इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने फिल्म दम लगा के हईशा में एक ओवरवेट लड़की का रोल अदा कर इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने कई अलग-अलग तरह के किरदार अदा किए। भूमि काफी अलग किस्म के रोल करती हैं। हाल ही में उन्होंने स्क्रिप्ट के चयन को लेकर बात की। भूमि के मुताबिक जब उन्होंने दम लगा के हईशा की तो लोगों ने उन्हें कहा कि यह करियर खत्म करने वाला फैसला होगा, लेकिन भूमि ने वह रोल किया और लोगों का भरपूर प्यार उन्हें मिला। इसके अलावा भूमि पर्दे पर एक लेस्बियन लड़की के किरदार में भी नजर आ चुकी हैं। इस रोल के जरिए उन्होंने समलैंगिक समुदाय के प्रति संवेदनशीलता दिखाई। उनके हर किरदार का चयन अलग होता है, यही खूबी उन्हें सबसे अलग बनाती है। इस बारे में बात करते हुए भूमि ने कहा, मैं इस इंडस्ट्री में रहते हुए एक लीडिंग लेडी के लिए तय मानकों का पालन करने के चक्कर में नहीं पड़ूंगी। आखिर लोग मुझे मेरे काम के लिए ही तो याद रखेंगे। इसलिए, मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं उन फिल्मों को सलेक्ट करूं, जिनसे कुछ नया कहने का मौका मिल रहा है। भूमि ने आगे कहा कि जब भी किसी फिल्म को चुनने की बात आती है तो मेरे लिए सिर्फ स्क्रिप्ट ही इकलौती वजह होती है, जो मायने रखती है। यह कंटेंट का जमाना है और स्टार्स तभी उभर सकते हैं जब वह बेस्ट स्क्रिप्ट पर काम करेंगे। मैंने स्किप्ट की क्वालिटी और अपने किरदारों के साथ कभी समझौता नहीं किया। यही चीज मेरे लिए जरूरी है, इसलिए आगे भी यही सिलसिला जारी रहेगा। भूमि ने आगे बताया कि वह कभी भी यह देखकर फिल्म के लिए हां नहीं बोलतीं कि इसकी स्टार कास्ट कौन है। एक्ट्रेस का कहना है, अगर आप मेरी डेब्यू फिल्म से लेकर अब तक की फिल्मोग्राफी देखेंगे तो पता चलेगा कि मेरी स्क्रिप्ट और किरदार बाकी सबसे अलग रहे हैं।




भारतीय सिनेमा की

## फर्स्ट लेडी देविका रानी और हिमांशु राय पर आधारित फिल्म बनाने जा रहीं हैं अश्विनी अय्यर

निल बटे सन्नाटा, बरेली की बर्फी और पंगा जैसी फिल्मों के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड की टैलेंटेड फिल्ममेकर अश्विनी अय्यर तिवारी अब अपनी अगली फिल्म के निर्देशन के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अश्विनी भारतीय सिनेमा की फर्स्ट लेडी कही जाने वाली देविका रानी और हिमांशु राय पर आधारित फिल्म बनाने जा रही हैं। देविका रानी भारतीय सिनेमा की बेहद खूबसूरत और प्रतिभाशाली एक्ट्रेस थी जिनको उनके प्रशंसकों ने भारतीय सिनेमा की फर्स्ट लेडी का खिताब दिया था। वहीं दूसरी तरफ हिमांशु राय भारतीय सिनेमा के पायनियर्स में से एक थे और एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ साथ एक स्टार और एक होशियार बिजनेसमैन भी थे। यह फिल्म पर पिछले कुछ समय से चर्चा में है और अब जल्द ही फिल्म के फ्लोर्स पर जाने की उम्मीद है। आपको बता दें, देविका रानी और हिमांशु राय ही वो हस्तियां है जिन्होंने 1934 में बॉम्बे टॉकीज की स्थापना की थी जो भारत का पहला पेशेवर फिल्म स्टूडियो था, जो एक दशक तक भारत में सिनेमा पर हावी रहा। वहीं अश्विनी अय्यर तिवारी की बता करें तो वो स्टोरीटेलिंग के जुनून के साथ जन्मी हैं और सार्थक और प्रामाणिक सिनेमा बनाने के दृढ़ संकल्प से भरी हुई हैं। उन्हें फिल्म मेकिंग के एक खास तरह के स्टाइल के लिए जाना जाता हैं। अब वह अपनी इसी खासियत के साथ इस मैग्नम ओपस का निर्देशन करेंगी जिसे अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट माना जाता है। अपने इस प्रोजेक्ट के लिए अश्विनी अय्यर तिवारी ने एक बड़े भारतीय फिल्म स्टूडियो के साथ हाथ मिलाया है, जिसकी बड़े पैमाने पर योजना बनाई जा रही है। फिलहाल इस फिल्म की स्क्रिप्टिंग पर काम चल रहा है। ऐसे में, राज कपूर, मीना कुमारी, अशोक कुमार जैसे कुछ सबसे महान और लेजेन्ड्री सुपरस्टार्स का तोहफा देने के लिए जिम्मेदार देविका रानी और हिमांशू राय की रियल लाइफ स्टोरी देखना वाकई दिलचस्प होगा।



## एक वेबसीरीज को 3 फिल्मों जितना वक्त दे रहे भंसाली



संजय लीला भंसाली इन दिनों अपने ड्रीम प्रोजेक्ट हीरामंडी पर काम कर रहे हैं। वे इसे बहुत बड़े स्केल पर बना रहे हैं। इससे जुड़े सूत्रों और ट्रेड एनालिस्ट्स ने बताया कि इस सीरीज की लेंथ महज 6 से 8 एपिसोड की रहने वाली है पर भंसाली इसे एक बड़े बजट की फिल्म की तरह की शूट कर रहे हैं। बड़ी बात यह है कि हाल ही में इसकी शूटिंग के 100 दिन पूरे हो चुके हैं पर सुनने में आ रहा है कि अभी इसे 150 दिनों तक और शूट किया जाएगा। इस सीरीज की कहानी 19वीं सदी में सेट है। यह विभाजन के ठीक पहले से लेकर उसके बाद के भारत-पाक संबंधों की कहानी बयां करेगी। उस वक्त असल हीरामंडी लाहौर में थी। फिल्म में वह माहौल दिखाने के लिए मेकर्स लखनऊ से 52 किलोमीटर दूर महमूदाबाद सिटी में इसकी शूटिंग करेंगे। इस पोर्शन को इस साल सितंबर में शूट किया जाएगा। सूत्रों बताते हैं, 'भंसाली 'हीरामंडी' की शूटिंग को उतना वक्त दे रहे हैं जितना 3 फिल्मों में जाता है। इसके सभी एपिसोड्स की शूटिंग भंसाली और उनकी असिस्टेंट मिताक्षरा कुमार कर रही हैं। मिताक्षरा ने भंसाली को 'बाजीराव मस्तानी' और 'पद्मावत' में असिस्ट किया था। वह 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में भी उनके साथ जुड़ी थीं। इसके अलावा मिताक्षरा ने निखिल आडवाणी के बैनर से 'द एम्पायर' नामक वेब सीरीज भी डायरेक्ट की थी।



अनुराग ने बताई यह बड़ी वजह

## केनेडी के लिए क्यों परफेक्ट थीं सनी

बॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप अपनी फिल्म केनेडी को लेकर चर्चा में है। इस बीच उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए सनी लियोनी को क्यों कास्ट किया गया। बॉलीवुड फिल्म मेकर अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी फिल्म केनेडी को लेकर चर्चा में हैं। अनुराग को रियलिस्टिक फिल्मों के लिए जाना जाता है। डायरेक्टर की फिल्में भारत में आने से पहले ही विदेशों तक अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी होती हैं, जिनकी जमकर तारीफ भी देखने को मिलती है। अनुराग की फिल्म केनेडी में एक्ट्रेस सनी लियोनी अहम किरदार निभाता रही हैं। हाल ही में अनुराग ने बताया कि उन्होंने सनी को कास्ट क्यों किया। डायरेक्टर ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी फिल्म केनेडी को लेकर बाच की है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के लिए सनी को ही कास्ट क्यों किया। अनुराग ने कहा कि उन्होंने कभी भी सनी लियोनी की कोई भी फिल्म नहीं देखी थी, लेकिन उन्होंने अभिनेत्री के कई सारी इंटरव्यूज देखे थे। उन्होंने उनकी आंखों में एक दर्द देखा। अनुराग को इस फिल्म के लिए ऐसी महिला किरदार की जरूरत थी, जिसकी उम्र 40 साल के करीब हो। इसके अलावा उस महिला में ऐसा आकर्षण होना चाहिए, जिसे देख पुरुष उत्तेजित हो जाते हों। अनुराग को इस किरदार के लिए सनी लियोनी परफेक्ट लगीं और इसलिए उन्होंने एक्ट्रेस को इस फिल्म के लिए कास्ट किया। केनेडी में सनी के अपोजिट एक्टर राहुल भट्ट नजर आ रहे हैं। अनुराग कश्यप ने फिल्म का टीजर शेयर कर फैंस को इस बात की खुशखबरी साझा की थी कि उनकी ये फिल्म कान फिल्म फेस्टिवल में रिलीज की जानी है। बता दें कि फैंस को अनुराग कश्यप की इस फिल्म का टीजर काफी पसंद आया था .




## पिता अमिताभ के साथ काम करना चाहते हैं अभिषेक

अभिनेता अभिषेक बच्चन का कहना है कि अपने पिता मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ काम करना हमेशा खुशी की बात होती है और वे केवल एक सही पटकथा की तलाश करते हैं जो दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करने में मदद करे। सिनेमा आइकन 80 वर्षीय अमिताभ और अभिषेक ने बंटी और बबली, राम गोपाल वर्मा निर्देशित सरकार, सरकार राज, करण जौहर की रिलेशनशिप ड्रामा कभी अलविदा ना कहना और फिल्म निर्माता आर बाल्की की पा में साथ काम किया है। पा, जिसमें प्रोजेरिया से पीड़ित अभिषेक के ऑन स्क्रीन बेटे की भूमिका में दिग्गज अभिनेता को दिखाया गया था। अभिषेक ने कहा कि वे साथ काम करना पसंद करते हैं, लेकिन वे अपनी पसंद के प्रति जिम्मेदार होना चाहते हैं। अभिनेता के रूप में, हम दोनों एक दूसरे के साथ काम करने का आनंद लेते हैं। लेकिन अभिनेता के तौर पर हम अपने दर्शकों के प्रति जिम्मेदारी को भी समझते हैं। चूंकि हमने एक साथ इतना अद्भुत, यादगार काम किया है, हम इसे जारी रखना चाहते हैं। इसलिए, हम सही पटकथा का इंतजार करते हैं और जैसे ही ऐसा होता है, हम साथ काम करने को लेकर खुश हैं। पिता-पुत्र की जोड़ी अगली बार बाल्की की आगामी फीचर घूमर में स्क्रीन साझा करेगी। यह फिल्म हंगरी के दिवंगत दाएं हाथ के निशानेबाज केरोली टैकस की कहानी से प्रेरित है, जिन्होंने अपने दूसरे हाथ में चोट लगने के बाद अपने बाएं हाथ से दो ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते थे। मेगास्टार बाल्की के निर्देशन में बनी सभी फिल्मों में अमिताभ एक निरंतरता रहे हैं, जिनमें चीनी कम, पा, शमिताभ, की एंड का, पैडमैन और चुप- रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट शामिल हैं। वह घूमर में भी विशेष भूमिका में नजर आएंगे। बाल्की मेरे पिता के बिना फिल्में नहीं बनाते, वह उनका लकी चार्म हैं। तो, भले ही यह एक शॉट के लिए हो (वह उसे ले जाएगा)। यह बार-बार आने वाला विषय है और इस फिल्म में भी ऐसा ही है। फिल्म के मोर्चे पर, अभिषेक निखिल आडवाणी समर्थित 2019 तमिल कॉमेडी ड्रामा केडी के हिंदी रीमेक और शूजीत सरकार की अनटाइटल्ड स्लाइस-ऑफ-लाइफ ड्रामा में भी दिखाई देंगे, जिसकी शूटिंग अगस्त में शुरू होगी। शूजीत एक प्रिय मित्र हैं। मैं उन्हें उनके करियर की शुरुआत से जानता हूं, जब वह विज्ञापन में थे। मैं उनके साथ काम करके खुश और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मेरे मन में उनके लिए बहुत प्यार और सम्मान है।

## काम पर वापस लौटे अक्षय

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार ने अपनी अगली फिल्म शंकरा की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग के लिए अक्षय कुमार आईआईटी रुड़की पहुंचे। इस फिल्म के बारे में अक्षय ने अभी तक कोई बात नहीं की है। हालांकि, उन्हें 25 मई, 2023 को आईआईटी रुड़की पहुंचते देखा गया। लोकेशन से अक्षय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एक ट्विटर यूजर ने प्लेटफॉर्म पर अभिनेता की तस्वीर भी पोस्ट की। इंटरनेट पर आईआईटी रुड़की से अक्षय कुमार की एक तस्वीर वायरल हो रही है। एक नेटिजन ने ट्विटर पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, अक्षय कुमार ने अपनी अगली फिल्म शंकरा की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता को आईआईटी रुड़की में देखा गया। काम के मोर्चे पर, अक्षय कुमार के पास पाइपलाइन में कई रोमांचक फिल्में हैं। अभिनेता बड़े मियाँ छोटे मियाँ में सोनाक्षी सिन्हा और टाइगर श्रॉफ के साथ नज़र आएंगे। अक्षय के पास ओह माय गॉड, सोरारई पोटरु के हिंदी रीमेक, जिसमें उनके साथ राधिका मदान नजर आएंगी के अलावा हेरा फेरी 3, सुनील शेट्?टी और परेश रावल के साथ और वे अपनी पहली मराठी फिल्म वेदत मराठे वीर दौड़े सात के साथ मराठी फिल्म उद्योग में भी अपनी शुरुआत करेंगे।

## सैफ अली खान के हाथ लगी एक्शन एडवेंचर वेब सीरीज



सिद्धार्थ आनंद अपनी अगली फिल्म पठान वर्सेज टाइगर के लिए भी तैयार हैं। अब खबर आ रही है कि निर्देशक बहुत जल्द एक वेब सीरीज पर करते नजर आ सकते हैं। इस सीरीज में सैफ अली खान के भी नजर आने की संभावना है। दरअसल सैफ अली खान और सिद्धार्थ आनंद पुराने दोस्त हैं। दोनों की दोस्ती तब से है जब से उन्होंने ता रा रम पम और सलाम नमस्ते का निर्देशन किया था। अब वह एक सीरीज पर साथ काम कर सकते हैं। खबर है कि पठान के बाद सिद्धार्थ आनंद सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। लेकिन इस बार वह एक्शन एडवेंचर सीरीज का निर्देशन नहीं करेंगे। बल्कि इस बार उनके साथ होंगे रॉबी ग्रेवाल। रॉबी ग्रेवाल कॉप थ्रिलर में अपने बेहतरीन निर्देशन कौशल के लिए जाने जाते हैं। कहा जा रहा है कि ग्रेवाल एक मजेदार स्क्रिप्ट लेकर आए हैं जिसे सिद्धार्थ आनंद प्रोड्यूस करेंगे। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। बहुचर्चित वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स के बाद नेटफ्लिक्स के साथ सैफ का यह दूसरा वेंचर होगा, बता दें कि सेक्रेड गेम्स में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी हैं। सैफ अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो अगली बार वह अपनी बहुचर्चित आने वाली फिल्म आदिपुरुष में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह रावण के किरदार में नजर आने वाले हैं।

## सलमान को हॉलीवुड से मिला शादी का प्रपोजल



सुपरस्टार सलमान खान बॉलीवुड के मोस्ट एलिजिबल बैचलर माने जाते हैं। भले ही 57 साल की उम्र में सलमान कुंआरे हैं, लेकिन उनका नाम बॉलीवुड की कई हसीनाओं से जुड़ चुका है। हालांकि किसी के साथ भी उनका रिश्ता शादी तक नहीं पहुंचा। फैंस सलमान खान की शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब सलमान खान को हॉलीवुड से शादी का ऑफर मिला है। सलमान खान इन दिनों आईफा अवॉर्ड में शिरकत करने अबू धाबी पहुंचे हैं। यहां से उनका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक हॉलीवुड रिपोर्टर ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज करती हैं। वीडियो में हॉलीवुड रिपोर्टर कहती हैं, उन्होंने जब से उन्हें देखा है वो उनसे प्यार करने लगी हैं। वो सिर्फ उनसे मिलने के लिए आई है। इसके बाद वह सलमान को कहती हैं, क्या आप मुझसे शादी करोगे? इस पर सलमान कहते हैं, हम शाहरुख खान की बात कर रहे हैं। वो कहती हैं, नहीं सलमान खान की। इसके बाद सलमान कहते हैं, मेरी शादी की उम्र खत्म हो गई है। आपको मुझसे 20 साल पहले मिलना चाहिए था। सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आए थे। हालांकि फिल्म कुछ कमाल नहीं कर पाई।